दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




नई दिल्ली। रविवार 12 जनवरी-2025 | वर्ष : 10 अंक : 24 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा

## डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेमचंद भैरवा भी रहे मौजूद

**नई दिल्ली।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से रविवार को मुलाकात की। इस दौरान डिप्टी सीएम दीया कुमारी और डिप्टी सीएम प्रेमचंद भैरवा भी उनके साथ मौजूद रहे। इस मुलाकात के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह टीम राजस्थान की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करेगी।

राजस्थान के सीएम और डिप्टी सीएम से मुलाकात के बाद राजनाथ सिंह ने 'एक्स' पर इससे जुड़ी तस्वीरें शेयर की हैं। राजनाथ सिंह ने लिखा, ''राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी जी और प्रेमचंद भैरवा जी से दिल्ली में आज मुलाकात की। मुझे उम्मीद है कि यह टीम राजस्थान की साहसी जनता की आकांक्षाओं को पूरा करेगी।'

**राजस्थान में अभी कैबिनेट का**



**विस्तार है बाकी :** बीजेपी ने राजनाथ सिंह को राजस्थान का पर्यवेक्षक बनाया था जिन्हें नया सीएम चुनने की जिम्मेदारी दी गई थी। राजस्थान में विधायक दल की बैठक में राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे थे। शपथ ग्रहण के बाद सीएम और डिप्टी सीएम पहली बार राजनाथ सिंह से मिले हैं। राजस्थान में अब तक कैबिनेट का विस्तार नहीं हुआ है। राज्य के अलग-अलग क्षेत्र से कई विधायकों के नाम पर कयास लगाए जा रहे हैं। इस बीच सीएम और दोनों डिप्टी सीएम ने राजधानी दिल्ली का दौरा किया है। हालांकि तीनों के दिल्ली दौरे के कार्यक्रम के संबंध में पार्टी की ओर से कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# राम मंदिर की पहली वर्षगांठ : मुख्यमंत्री योगी ने किया पंचामृत अभिषेक, तीन दिन चलेगा प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की पहली सालगिरह मनाई जा रही है। पिछले साल 22 जनवरी को रामलला के प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी। इस बार हिंदू कैलेंडर के अनुसार, आज प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या के राम लला मंदिर में होने वाले समारोह का सीएम योगी ने शुभारंभ किया। इस मौके पर उनके साथ संत समाज के कई लोग मौजूद रहे। वहीं सुबह रामलला के अभिषेक और पूजन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। तीन दिनों तक चलने वाले इस समारोह में शामिल होने के लिए 2 हजार संत अयोध्या पहुंच रहे हैं।



इस दौरान रामलला को पीतांबर वस्त्र पहनाया गया है। रामलला के कपड़ों की बुनाई और कढ़ाई सोने और चांदी के तारों से की गई है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जिस विधि-विधान से रामलला की प्रतिमा का अभिषेक किया गया था। उसी तर्ज पर आज भी रामलला की प्रतिमा का अभिषेक और पूजन हुआ।

**फूलों से सजा राम मंदिर :** एक बार फिर अयोध्या नगरी में दिव्य उत्सव का माहौल है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा प्रतिष्ठा द्वादशी मनाई जा रही है। नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला के नए विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का एक साल पूरा होने पर प्रतिष्ठा द्वादशी मनाई जा रही है। इस दौरान राम मंदिर को 50 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। प्रतिष्ठा द्वादशी के उत्सव के सिलसिले में राम मंदिर में भव्य आयोजन किया जा रहा है। आज से 3 दिन तक कई कार्यक्रम चलेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने रामलला का अभिषेक किया। साथ ही रामलला की महाआरती भी की गई।

**सीएम योगी क्या बोले? :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान कहा, प्रतिष्ठा द्वादशी के इस कार्यक्रम में सभी का स्वागत करता हूं। मैं सबसे पहले आपको प्रदेश वासियों को देश वासियों को प्रतिष्ठित द्वादशी की शुभकामनाएं देता हूं। हिन्दू पंचांग के अनुसार आज ही के दिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों के द्वारा श्री राम जन्मभूमि पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ था। सीएम ने कहा कि 500 वर्षों का इंतजार संपन्न होकर के आज हम सब देश के प्रधानमंत्री के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

**तीन दिन तक कार्यक्रम :** राम मंदिर की पहली वर्षगांठ के मौके पर कई कार्यक्रम हो रहे हैं। इस समारोह को भव्य बनाने के लिए तीन दिन तक अयोध्या में कार्यक्रम चलते रहेंगे। राम मंदिर परिसर के यज्ञ मण्डप में हवन जारी है। दोपहर 2 से 5 बजे के बीच हवन हुआ। साथ ही 6 लाख श्रीराम मंत्रों के जाप, राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ की भी तैयारी की जा रही है।

प्रतिष्ठा द्वादशी के पावन अवसर पर मंदिर भूतल पर 3 बजे से राग सेवा का विशेष कार्यक्रम किया जा रहा। शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक बधाई गान चलेगा।

# इस बार बसपा सुप्रीमो के जन्मदिन पर ना ही कटेगा केक और ना ही बंटेंगे लड्डू

## जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनेगा जन्मदिन और होगा विचार गोष्ठी का आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बसपा में पार्टी सुप्रीमों के जन्मदिन का एक अलग ही संदेश होता है। जन्मदिन की तैयारियां उन दिनों की भी हैं जब हाथी की सरकार हुआ करती थी। इसके बाद भी विपक्ष में रहते हुए नीले खेमे में जोश रहा। जन्मदिन पर पहले उम्र के वर्ष के हिसाब से पूरे हर्ष के साथ केक कटता था और कार्यकर्ताओं में बंटता था। लेकिन फिर ये जोश धीरे धीरे घटता चला गया और केक के स्थान पर एक जन्मदिन ऐसा भी आया जब लड्डू बांटे गये। इस बार केक भी नहीं है और लड्डू भी सीन से गायब हो गये हैं। बताया जाता है कि इस बार सिर्फ बसपा सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों का गुणगान होगा। जन्मदिन की पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। इस सम्बन्ध में पहले जिलाध्यक्ष से बात करने की कोशिश की गई लेकिन कई प्रयासों के बाद भी बात नहीं हो सकी। इसके बाद बसपा के मंडल प्रभारी रवि जाटव से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमो के जन्मदिन की पूरी तैयारी कर ली गई है। इसके लिए हिंदी भवन को बुक कराया गया है। इस बार बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कु मायावती का जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस बार किसी प्रकार का कोई केक नहीं काटा जायेगा और ना ही लड्डू वितरित होंगे। इस बार हिंदी भवन में जन्मदिन के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। इस विचार गोष्ठी में बसपा सरकार के चार बार के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों, कानून व्यवस्था व अन्य उपलब्धियों पर चर्चा होगी। सभी वक्ता अपने अपने विचार रखेंगे। जन कल्याणकारी दिवस कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा और यह दोपहर 3 बजे तक चलेगा।

### जन्मदिन से पहले ही बदले जिला अध्यक्ष और पहले जिलाध्यक्ष की हुई वापसी

करंट क्राइम। जन्मदिन से पहले बसपा के नीले हाथी ने एक बड़ा झटका जिला महावत को दिया है। बसपा के जिलाध्यक्ष बदल दिये गये हैं। गौरतलब है कि विधानसभा उपचुनाव केबाद मौजूदा जिला अध्यक्ष दयाराम सेन को हटा दिया गया था। उनके स्थान पर नरेन्द्र मोहित को जिलाध्यक्ष बनवाया गया था। नरेन्द्र मोहित बसपा के पुराने कार्यकर्ता हैं और उन्हें जिलाध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा गया था। लेकिन उनका कार्यकाल लगभग दो महीने का ही रहा और वह जिलाध्यक्ष के रूप में केवल 60 दिन की पारी खेल पाये। जन्मदिन से पहले बसपा ने अपना जिलाध्यक्ष बदल दिया है। अब नरेन्द्र मोहित के स्थान पर फिर से दयाराम सेन की वापसी हुई है। उन्हें जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

# डेढ़ करोड़ की डकैती में चौथा आरोपी पुलिस हिरासत में

## ट्रांजिट रिमांड पर लेकर गाजियाबाद में होगा खुलासा

### आरोपी चंदन से बरामद हुए 3.50 लाख रुपए कैश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर थानाक्षेत्र के ए-ब्लॉक में रहने वाले रामदास गुप्ता स्टील कारोबारी बुजुर्ग दंपति के घर पर हुई डकैती के मामले में पुलिस ने 58 घंटे के अंदर चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शुक्रवार को पुलिस ने फरार आरोपी चंदन को ट्रेस कर लिया था और शनिवार को उसे हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि उसे पूर्वी हिस्से से गाजियाबाद में पुलिस ट्रांजिट डिमांड पर लेकर आएगी। पुलिस ने आरोपी चंदन से


फाइल फोटो

लगभग 3:50 लाख रुपए कैश भी बरामद किया है। बताया जा रहा है कि जब अयोध्या से गोंडा की ओर यह लोग जा रहे थे, तो चंदन इनसे 3:50 लाख रुपए लेकर अलग हो गया था, उसे भनक लग गई थी कि पुलिस आरोपियों का पीछा कर रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि रविवार को पुलिस चौथे आरोपी चंदन को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ करेगी और फिर खुलासा करते हुए उसे जेल भेजा जाएगा।

### पुलिस के अधिकारियों का दावा हंड्रेड परसेंट हो गई रिकवरी

करंट क्राइम : कवि नगर थानाक्षेत्र में स्टील कारोबारी रामदास गुप्ता के घर हुई डेढ़ करोड़ की डकैती के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी चंदन को भी हिरासत में ले लिया है। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस ने उसके कब्जे से साढ़े तीन लाख रुपए कैश जप्त किया है। पुलिस के शीर्ष अधिकारियों का दावा है कि इस मामले में पीड़ित द्वारा जो रकम और सोने-चांदी व डायमंड की ज्वेलरी का जिक्र किया गया था, उसको लगभग



शत प्रतिशत बरामद कर दिया गया है। साथ ही इस मामले में पुलिस ने बड़ी मात्रा में कैश की भी रिकवरी की है। इस मामले में पुलिस अबतक साढ़े 14 लाख रुपए से अधिक कैश बरामद करने का दावा भी कर रही है।

### पुलिस की पड़ताल बता रही है अनप्रोफेशनल थे सभी आरोपी

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में पुलिस ने अबतक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें गुप्ता परिवार में नौकर की जॉब करने वाला चंदन गिरफ्तार किया था, जो मुख्य आरोपी है। इस मामले में चंदन के साले ओम प्रकाश और सुनील को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है जबकि इस मामले में डकैती की वारदात में सहयोग और फिर कैश को लेकर फरार होने वाले चौथे आरोपी चंदन को भी दबोच लिया गया है। पुलिस ने बताया है कि चंदन दिल्ली में मजदूरी और घरेलू काम किया करता था, मुख्य आरोपी और गुप्ता परिवार का नौकर चंदन जब दिल्ली जाया करता था, तो दोनों चंदन



साथ में खाना पीना कहते थे और उनके बीच दोस्ती थी। इसीलिए इन्होंने डकैती की वारदात को अंजाम देने के लिए भी सहयोग किया था। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में चौथे आरोपी की गिरफ्तारी होते ही आरोपियों के मामले पर फुल स्टॉप हो जाएगा।

# बारिश के बाद बदला गाजियाबाद का मौसम

## शनिवार को बारिश होने से तापमान में आई गिरावट, तेज हवाओं ने बढ़ाई ठंडक





**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** बीते कई दिनों से ठंड फिर बढ़ गई है, तो शनिवार को शाम से हुई बारिश ने मौसम और सर्द कर दिया गया है। शनिवार शाम से शुरू हुई बारिश का क्रम रात तक जारी रहा। वहीं बारिश होने की वजह से गाजियाबाद के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। तो वहीं लोगों को ठंडक ने मैदानी इलाके में भी पहाड़ों जैसा एहसास कराया है।

उधर मौसम विभाग की माने तो रविवार को भी बूंदाबांदी होने की संभावना बनी हुई है। हालांकि बारिश होने का फायदा यह है कि कुछ दिनों के लिए कोहरे और वायु प्रदूषण से थोड़ी राहत मिल सकती है, लेकिन ठंडक ने लोगों को परेशान करने का भी काम किया है।

### न्यूनतम तापमान पहुंच 11 डिग्री सेल्सियस

करंट क्राइम : शनिवार को दिनभर धूप और बादलों के बीच आंख बिचोली का खेल जारी रहा। तो वह वहीं शाम होते-होते बूंदाबांदी के बाद देर शाम तेज बारिश हुई, तो बारिश होने की वजह से गाजियाबाद के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। तो वहीं अधिकतम तापमान भी थोड़ा कम हुआ है। शनिवार को गाजियाबाद का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। शुक्रवार की देर रात भीषण कोहरा पड़ा था, लेकिन शनिवार को बारिश होने की वजह से कोहरा तो कम हुआ पर लोगों को ठंड ने जबरदस्त एहसास कराया है।

### बारिश की वजह से नहीं जल सके निगम के अलावा

करंट क्राइम : शनिवार को शाम से ही बारिश हो रही थी, तो देर शाम को बारिश अचानक तेज हो गई ,जिसकी वजह से लोगों को भीषण सर्दी से बचने के लिए नगर निगम द्वारा शहरभर में सैकड़ो स्थान पर जलाया जाने वाले अलाव की व्यवस्था भी ठप हो गई। अलावा नहीं जलने की वजह से सड़क किनारे और बेजुबानों को भी परेशान होना पड़ा। बताया जा रहा है की मौसम का परिवर्तन आने वाले एकं से दो दिनों तक जारी रहेगा। जिससे सर्दी और बढ़ेगी और लोगों को ठंड से दो चार होना पड़ेगा।



### बढ़ सकती है स्कूलों में सर्दी की वजह से छुट्टी

करंट क्राइम : प्रशासन द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए बीते दिनों छुट्टी की घोषणा की थी, तो वहीं जिस तरीके से शुक्रवार और शनिवार को मौसम परिवर्तित होने के बाद बारिश हुई है। तो वही न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सर्दी बढ़नी शुरू हो गई है। रविवार के मौसम के बाद प्रशासन एक बार फिर सर्दी को देखते हुए छुट्टी की घोषणा कर सकता है। बता दें की सोमवार को 13 जनवरी लोहड़ी का पर्व है। तो 14 तारीख को मकर संक्रांति और आला हजरत जयंती है। ऐसे में स्कूलों की छुट्टी 15 या 16 जनवरी तक आगे भी बढ़ाई जा सकती है। फिलहाल अभी प्रशासन की ओर से कोई नया आदेश जारी नहीं किया गया है।

# पहली बार बदले नियमों के तहत होगी नए सीईसी की नियुक्ति

## सुप्रीम कोर्ट नए कानून पर करेगा विचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है। इस बीच मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने की तारीख भी करीब आ रही है। दिल्ली में मतदान और नतीजों के आने के कुछ दिन बाद ही सीईसी अपने पद से सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसे में, राजीव कुमार के बाद पहली बार नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति बदले नियमों के तहत होगी। पहले मुख्य चुनाव आयुक्त के पैनल में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भी होते थे। मगर नए कानून में सीजेआई को पैनल से बाहर रखा गया है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की नजर अब इसी नए कानून पर होगी। इस कानून की वैधता को चुनौती दी गई है।

मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, जो दिसंबर 2023 में लागू हुआ, का पहला उपयोग मार्च 2024 में हुआ था, जब ज्ञानेश कुमार और एस एस संधू को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था। यह नियुक्ति अरुण गोयल के इस्तीफे और अनुप चंद्र पांडे के सेवानिवृत्त होने के बाद हुई थी।


### पहले कैसे होती थी नियुक्ति?

नए कानून के लागू होने से पहले, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा सरकार की सिफारिश पर की जाती थी। परंपरा के अनुसार, सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त को मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर पदोन्नत कर दिया जाता था। लेकिन इस बार प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली समिति नए चुनाव आयुक्त पर फैसला करेगी।

ज्ञानेश कुमार और संधू में से किसी को चुना जाएगा। ज्ञानेश का कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक है, जब वे 65 वर्ष के हो जाएंगे। कानून के अनुसार, कानून मंत्री की अध्यक्षता वाली एक खोज समिति जिसमें दो केंद्रीय सचिव शामिल होंगे, चयन समिति के लिए पांच नामों का एक पैनल तैयार करेगी। चयन समिति, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करेंगे। इसमें प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होंगे, राष्ट्रपति को मुख्य चुनाव आयुक्त या चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए एक नाम की सिफारिश करेगी।

### 18 फरवरी को होंगे रिटायर

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार 18 फरवरी को 65 वर्ष की आयु पूरी करने के साथ ही पद से सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इसके बाद, नए कानून के तहत पहली बार मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की जाएगी।



# लाल बहादूर शास्त्री को शाह-खरगे समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, कांग्रेस ने बताया महान गांधीवादी

**नई दिल्ली।** आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 59वीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए उन्हें महान गांधीवादी बताया।

खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जय जवान, जय किसान के प्रेरक, महान गांधीवादी, हमारे आदर्श, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर हम उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। भूमि सुधार से लेकर दुग्ध क्रांति की नींव रखने तक, रेलवे में थर्ड क्लास को खत्म करने से लेकर 1965 की जंग तक, अपनी सरलता एवं सादगीपूर्ण जीवन से सबके प्रेरणास्त्रोत बने, शास्त्री जी ने देश की उन्नति के लिए हमेशा किया।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शास्त्री जी की विरासत को पीढ़ियों तक सम्मानित किया जाएगा। शिवकुमार ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, सादगी, विनम्रता और देशभक्ति के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। उनका नारा जय जवान, जय किसान देश की सेवा करने वाले हाथों के प्रति कृतज्ञता का एक शक्तिशाली संदेश है और उन्होंने जो विरासत छोड़ी है, उसका सम्मान पीढ़ियों तक किया जाएगा।



### गृहमंत्री ने बताया गुदड़ी का लाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लाल बहादूर शास्त्री को याद करते हुए उन्हें गुदड़ी का लाल बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करता हूं। सादगी और ईमानदारी के प्रतीक लाल बहादुर शास्त्री जी ने अपने कृतित्व और व्यक्तित्व से देश के राजनीतिक इतिहास में अमिट छाप छोड़ी। जय जवान, जय किसान के उद्घोष से उन्होंने देश के किसानों व जवानों में नई-ऊर्जा का संचार किया। गुदड़ी के लाल शास्त्री जी का कुशल नेतृत्व और साहस सदा देशवासियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगा।

## न्यूज डायरी

### 8 साल की मासूम की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली आठ साल की छात्रा की मौत हो गई। माना जा रहा है कि दिल का दौरा पड़ने से छात्रा गार्गी रानपारा की मौत हुई। थलतेज स्थित जेबर स्कूल फॉर चिल्ड्रन के प्रबंधन की तरफ से जारी सीसीटीवी फुटेज में गार्गी अपनी कक्षा की ओर जाते दिखती है और बेचैनी के कारण कुर्सी पर बैठ जाती है। प्रधानाचार्य शर्मिष्ठा सिन्हा ने बताया, गार्गी जब सुबह स्कूल पहुंची, तो सामान्य थी। लेकिन पहली मंजिल पर कक्षा की ओर जाते समय वह गलियारे में कुर्सी पर बैठ गई। बैठे-बैठे ही अचानक वह गिर गई। शिक्षकों ने उसे सीपीआर दिया, फिर अस्पताल पहुंचाया, पर उसकी जान नहीं बच सकी।

### रोमेश पुरी आईडीएसए के महासचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) ने शुक्रवार को रोमेश कुमार पुरी को अपना महासचिव नियुक्त किया। आईडीएसए भारत में डायरेक्ट सेलिंग उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है। एक बयान के अनुसार, पुरी ने भारत सरकार में 34 साल से अधिक का समय बिताया और कई मंत्रालयों, विभागों में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पूर्व संयुक्त निदेशक के रूप में, उन्होंने आगामी ई-कॉमर्स नीति और राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### पुणे में सेना दिवस परेड में भाग लेगा नेपाली सेना का बैंड

**नई दिल्ली।** नेपाल सेना का 33 सदस्यीय बैंड पुणे में होने वाली सेना दिवस परेड में भाग लेने के लिए तैयार है। यह दोनों सेनाओं के बीच मित्रता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण संकेत है। इस बैंड में तीन महिला संगीतकार भी शामिल हैं, जो पहले ही पुणे पहुंच चुकी हैं। सेना दिवस परेड 15 जनवरी को महाराष्ट्र के पुणे में बॉम्बे इंजीनियरिंग ग्रुप (बीईजी) और सेंटर में होगी। यह बैंड नेपाल के सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिगडेल की भारत यात्रा के लगभग एक महीने बाद हिस्सा ले रहा है। इस यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिगडेल को 'भारतीय सेना के जनरल' की मानद रैंक प्रदान की। सूत्रों के अनुसार, नेपाली सेना बैंड की उपस्थिति समारोह में 'जीवंत स्पर्श' जोड़ती है और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करती है। सेना दिवस परेड पारंपरिक रूप से दिल्ली में होती थी, लेकिन जनवरी 2023 में इसमें बदलाव कर बंगलूरू में आयोजित किया गया। इसके बाद, सेना ने लखनऊ में सेना दिवस परेड 2024 की मेजबानी की जो मध्य कमान क्षेत्र में आता है।

### कर्नाटक में संपत्ति विवाद में डबल मर्डर, बेटे ने पिता और सौतेली मां को मार डाला

**कर्नाटक।** कर्नाटक के धारवाड़ जिले के कुसुगल गांव में डबल मर्डर का मामला सामने आया है। बेटे ने संपत्ति विवाद में अपने पिता और सौतेली मां की हत्या कर दी। मृतकों की पहचान अशोकप्पा कोब्बनवर और उनकी पत्नी शर्मम्मा के रूप में हुई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बृहस्पतिवार को गंगाधरप्पा अपने पिता के साथ संपत्ति को लेकर झगड़ रहा था। इस दौरान उसने पिता और सौतेली मां की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### केरल में नाबालिग के साथ अलग-अलग जगहों पर दुष्कर्म, छह लोग गिरफ्तार

**केरल।** केरल पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में चार एफआईआर दर्ज की हैं और छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अलग-अलग स्थानों पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया जब लड़की 16 साल की थी, तब से उसके साथ कई बार दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। अब लड़की 18 साल की हो चुकी है, जिसके बयान के आधार पर गिरफ्तारियां की गई हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में से एक पहले से ही एक अन्य मामले में जेल में बंद है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले में 60 से अधिक लोगों के शामिल होने का संदेह है। यह मामला बाल कल्याण समिति द्वारा आयोजित काउंसलिंग के दौरान सामने आया, जब एक शैक्षणिक संस्थान में पीड़िता के शिक्षकों ने समिति को उसके व्यवहार में उल्लेखनीय बदलावों के बारे में बताया।

### कर्नाटक में 12 श्री राम सेने कार्यकताओं पर केस

**कर्नाटक।** कर्नाटक पुलिस ने बागलकोट के एक गांव में राइफल प्रशिक्षण आयोजित करने के आरोप में 12 श्री राम सेने (एसआरएस) कार्यकताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, एसआरएस कार्यकताओं ने एक राइफल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया, जिसमें दिसंबर, 2024 के अंतिम सप्ताह में 196 युवाओं ने प्रशिक्षण लिया। राइफल प्रशिक्षण कथित तौर पर एक सप्ताह तक चलने वाले 'व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम' के अंतिम दिन आयोजित किया गया था। बागलकोट पुलिस ने कहा कि प्रशिक्षण तोडालाबागी गांव में एक किसान के खेत में आयोजित किया गया था, उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि राइफल प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा है। बागलकोट पुलिस के अनुसार, मामला बेंगलुरु स्थित एक गैर सरकारी संगठन, ऑल इंडिया एसोसिएशन फॉर जस्टिस की शिकायत पर दर्ज किया गया था। एनजीओ के सदस्यों ने पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन को एक ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

### कार्ति की कंपनी को भुगतान पर दो शराब कंपनियों पर केस दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिग्गज शराब कंपनियों डियाजियो स्कॉटलैंड और सिकोइया कैपिटल्स के खिलाफ कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम की कंपनी को अपने पक्ष में फैसला करवाने के लिए संदिग्ध भुगतान करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। कार्ति पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम के बेटे हैं। एफआईआर में सीबीआई ने कहा है कि डियाजियो ने कार्ति की कंपनी एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड को 15,000 डॉलर की धनराशि हस्तांतरित की।2005 में डियाजियो स्कॉटलैंड के शुल्क मुक्त उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध के कारण जॉनी वॉकर व्हिस्की की बिक्री प्रभावित हुई थी और कंपनी को काफी घाटा हुआ था। एजेंसी के अनुसार, जांच से पता चला कि कंपनी को 15,000 डॉलर का भुगतान परामर्श के लिए नहीं बल्कि डियाजियो के उत्पादों पर लगे प्रतिबंध को हटाने के लिए किया गया था। एफआईआर के अनुसार, प्रतिबंध हटाने के लिए डियाजियो स्कॉटलैंड ने कार्ति पी. चिदंबरम से संपर्क किया था। इसके अलावा सिकोइया कैपिटल की मॉरिशस यूनिट पर भी कार्ति की कंपनी से संदिग्ध लेनदेन का आरोप है। कंपनी ने 2008 में भारतीय निवेश के लिए मंजूरी हासिल करने के लिए राजनेताओं को प्रभावित करने की कोशिश की थी। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि डियाजियो ने भुगतान कब किया था।

# विवेकानंद जयंती पर अपने युवा दोस्तों से मिलेंगे पीएम, विकसित भारत समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा



**नई दिल्ली।** हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई जाती है। इस खास मौके पर पीएम मोदी ने अपने कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा, भारत की युवा शक्ति को श्रद्धांजलि। आज 12 जनवरी विशेष दिन है, क्योंकि इस दिन स्वामी विवेकानंद की जयंती हैं। इस खास मौके पर मैं अपना पूरा दिन विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 में अपने युवा दोस्तों के साथ समय व्यतीत करूंगा। बातचीत और लंच के अलावा हम विकसित भारत के निर्माण के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।

# कोयला खदान से निकाले गए चार खनिकों के शव, पांच अब भी अंदर फंसे, बचाव कार्य जारी

**असम।** असम के दीमा हसाओ जिले में शनिवार को कोयला खदान से तीन मजदूरों के शव निकाले गए हैं, जिसके बाद अब तक खदान से कुल चार शव निकाले जा चुके हैं। पांच मजदूर अभी भी खदान में फंसे हैं। पहला शव बुधवार को खदान से निकाला गया था, वहीं तीन शव शनिवार को निकाले गए हैं। सोमवार को दीमा हसाओ जिले के उमरंगसू में एक अवैध खदान में अचानक पानी भर जाने के चलते नौ खनिक फंस गए थे।

### अब तक चार मजदूरों के शव हुए बरामद

एक अधिकारी ने बताया कि खदान में फंसे हुए खनिकों की तलाश में बचाव अभियान शनिवार सुबह फिर से शुरू हुआ। तलाश के छठे दिन अब तक तीन मजदूरों के शव बरामद किए जा चुके हैं। एक मृतक की पहचान दीमा हसाओ को कलामाटी के गांव नंबर एक के निवासी 27 वर्षीय लिजेन मगर के रूप में हुई है। दो खनिकों की पहचान की कोशिश की जा रही है। इससे पहले बुधवार को नेपाल के रहने वाले एक मजदूर का शव पहले ही बरामद किया जा चुका है। खदान में अचानक पानी भर जाने से नौ मजदूर खदान में फंस गए थे। शनिवार को पहला शव मिलने पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'उमरंगसू में बचाव कार्य निरंतर जारी है। दुखद रूप से, आज सुबह एक और शव बरामद किया गया। हम इस कठिन समय में आशा और शक्ति के साथ शोक संतप्त लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।' बचाव कार्य में जुटे एक अधिकारी ने बताया कि 340 फीट गहरी खदान से पानी निकालने का काम जारी है और अब इस काम में ओएनजीसी और कोल इंडिया द्वारा लाई गई मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।



### कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने शनिवार को बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर असम में हुई खनन त्रासदी की एसआईटी जांच की मांग की है। इस हादसे में कोयला खदान में काम कर रहे नौ मजदूर फंस गए थे और अब तक उनमें से चार के शव बरामद किए गए हैं। पांच मजदूर अभी भी फंसे हैं। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि पूर्वोत्तर राज्य में 'कमजोर कानून व्यवस्था और स्थानीय मिलीभगत' के कारण अवैध खनन अनियंत्रित रूप से जारी है।

# देश ने हासिल की बड़ी सफलता, अमित शाह ने कहा 10 सालों में तीन लाख किलो ड्रग्स की गई जब्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 10 सालों में ड्रग्स के खिलाफ अपनी लड़ाई को काफी मजबूत किया है और इस दिशा में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि 2004 से 2014 के बीच लगभग 3 लाख 63 हजार किलो ड्रग्स जब्त किए गए थे, जबकि पिछले 10 वर्षों में यह आंकड़ा बढ़कर 24 लाख किलो तक पहुंच गया है, जो कि सात गुना अधिक है।

अमित शाह ने कहा कि यह उपलब्धि देश के पारिस्थितिकी तंत्र, जनता और अदालतों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया का परिणाम है। उन्होंने यह भी बताया कि अगर हम ड्रग्स की कीमत की बात करें, तो 2004-2014 में जब्त किए गए ड्रग्स का मूल्य लगभग 8,150 करोड़ रुपये था, जो 2014-2024 में बढ़कर 56,851 करोड़ रुपये हो गया है, यानी यह आठ गुना बढ़ा है।

उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग तंज कस रहे हैं कि ड्रग्स का इस्तेमाल बढ़ रहा है। मगर, ड्रग्स का उपयोग नहीं बढ़ रहा बल्कि सख्त कार्रवाई की जा रही है और उसका नतीजा यह है। हमने तंज को नजरअंदाज कर ड्रग के पूरे इकोसिस्टम को कानून हवाले करने का काम किया। हमने उससे जुड़े आतंक को भी उजागर किया। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।



### 2047 तक नशामुक्त करने का लक्ष्य

देश में ड्रग्स तस्करी की बढ़ती समस्या और राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके पड़ने वाले प्रभावों से निपटने के लिए सरकार और सक्रिय हो गई है। आज नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर दिल्ली में एक रीजनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की। इस दौरान विशेष रूप से उत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इससे निपटने पर फोकस रहा। बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। 2047 तक देश को नशामुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

### लगभग 1200 किमी. दौड़ लगाकर अयोध्या पहुंचा छह वर्ष का बालक, योगी आदित्यनाथ ने किया सम्मानित



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीरामलला सरकार के श्रीविग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत कार्यक्रम में मंच पर छह वर्ष के बालक मोहब्बत को सम्मानित किया। मोहब्बत पंजाब के पाकिस्तान बॉर्डर के फाजिल जिले के अबोहर कस्बे से शुक्रवार को अयोध्या के सरयू तट पर पहुंचा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंच पर बताया कि इस बालक ने 14 नवंबर से दौड़ लगाना प्रारंभ किया। लगभग 1200 किमी. दूर दौड़ लगाकर यह अयोध्या आया है। इसने प्रतिदिन 19-20 किमी. दौड़ लगाई। मुख्यमंत्री ने बालक मोहब्बत को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सीएम ने उसे चॉकलेट भी प्रदान किया और उसका हालचाल पूछकर हौसलाअफजाई भी की।

# विश्व शांति के लिए सबरीमाला तक 8000 किमी की पैदल यात्रा कर पहुंचे केरल के दो श्रद्धालु

**नई दिल्ली।** त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने शनिवार को बताया कि कासरगोड के दो मूल निवासियों ने विश्व शांति की प्रार्थना के साथ उत्तर भारत से सबरीमाला में भगवान अयप्पा मंदिर तक 8,000 किलोमीटर और 223 दिनों की कठिन यात्रा की। कासरगोड जिले के रामदास नगर के रहने वाले सनथकुमार नायक और संपतकुमार शेट्टी 26 मई, 2024 को ट्रेन से केरल से बद्रीनाथ के लिए रवाना हुए। टीडीबी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि वहां से उन्होंने अपना 'इरुमुडी कट्टू' (भगवान अयप्पा मंदिर में श्रद्धालु की तरफ से लाया जाने वाला पारंपरिक बंडल) भरा और 3 जून को सबरीमाला के लिए पैदल ही निकल पड़े। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने शंकराचार्य की तरफ से स्थापित चार मठों समेत कई तीर्थस्थलों और मंदिरों का दौरा किया और अयोध्या, उज्जैन, द्वारका, पुरी, जगन्नाथ, रामेश्वरम, अचनकोविल और एरुमेली होते हुए सन्निधानम पहुंचे।



# भारत में लगातार बढ़ रहे एचएमपीवी के मामले

## अब असम में 10 महीने का बच्चा मिला संक्रमित




**नई दिल्ली।** चीन में कहर बरपा रहा ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) अब भारत में दस्तक दे चुका है। कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, अब असम का भी नाम इस सूची में जुड़ गया है। यहां 10 महीने के एक बच्चे में एचएमपीवी संक्रमण का पता चला है। बच्चे का डिब्रूगढ़ स्थित असम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एएमसीएच) में इलाज हो रहा है। उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही।

### सर्दी-जुकाम के कारण बच्चा हुआ था भर्ती

एएमसीएच के अधीक्षक डॉ. ध्रुबज्योति भुइंया ने बताया कि बच्चा चार दिन पहले सर्दी-जुकाम जैसे लक्षणों के कारण अस्पताल में भर्ती हुआ था। कल हमें लाहोवाल स्थित आईसीएमआर-आरएमआरसी से परीक्षण रिपोर्ट मिली, जिसमें एचएमपीवी संक्रमण की पुष्टि हुई।

### चिंता की कोई बात नहीं : भुइंया

उन्होंने कहा कि इन्फ्लूएंजा और फ्लू जैसे मामलों के लिए नियमित रूप से नमूने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद को भेजे जाते हैं। यह एक नियमित जांच थी, जिसमें संक्रमण का पता चला। बच्चे की हालत स्थिर है। यह एक सामान्य वायरस है और चिंता की कोई बात नहीं है।

लाहोवाल स्थित क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र एनई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बिस्वजीत बोकाकोटी ने बताया, '2014 से अब तक हम डिब्रूगढ़ जिले में 110 एचएमपीवी मामलों का पता लगा चुके हैं। यह इस मौसम का पहला मामला है। यह हर साल पाया जाता है और इसमें कुछ नया नहीं है। एएमसीएच से हमें जो नमूना मिला था, वह एचएमपीवी पॉजिटिव पाया गया।'

### एचएमपीवी का किस पर और कितना असर?

यह मुख्य तौर पर बच्चों पर असर डालता है। हालांकि, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों और बुजुर्गों पर भी इसका प्रभाव दर्ज किया गया है। इस वायरस की वजह से लोगों को सर्दी, खांसी, बुखार, कफ की शिकायत हो सकती है। ज्यादा गंभीर मामलों में गला और श्वांस नली के जाम होने से लोगों के मुंह से सीटी जैसी खरखराहट भी सुनी जा सकती है।

कुछ और गंभीर स्थिति में इस वायरस की वजह से लोगों को ब्रोंकियोलाइटिस (फेफड़ों में ऑक्सीजन ले जाने वाली नली में सूजन) और निमोनिया (फेफड़ों में पानी भरना) की स्थिति पैदा कर सकता है। इसके चलते संक्रमितों को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ सकती है।

चूंकि इसके लक्षण कोरोनावायरस संक्रमण और आम फ्लू से मिलते-जुलते हैं, इसलिए इन दोनों में अंतर बता पाना मुश्किल है। हालांकि, जहां कोरोनावायरस की महामारी हर सीजन में फैली थी। वहीं एचएमपीवी अब तक मुख्यतः मौसमी संक्रमण ही माना जा रहा है। हालांकि, कई जगहों पर इसकी मौजूदगी पूरे साल भी दर्ज की गई है।

कोरोना के इतर इस वायरस के कारण ऊपरी और निचले दोनों श्वसन पथ में संक्रमण का खतरा हो सकता है। सामान्य मामलों में इस वायरस का असर तीन से पांच दिन तक रहता है।

### क्या है ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी)?

ह्यूमन मोटान्यूमोवायरस, जिसे एचएमपीवी के छोटे नाम से भी जाना जाता है, इंसानों की श्वसन प्रक्रिया पर प्रभाव डालने वाला वायरस है। इसकी पहली बार पहचान 2001 में हो गई थी। तब नीदरलैंड के वैज्ञानिकों ने इसका पता लगाया था। यह पैरामाइक्सोविरीडे परिवार का वायरस है। श्वसन संबंधी अन्य वायरस की तरह यह भी संक्रमित लोगों के खांसने-छींकने के दौरान उनके करीब रहने से फैलता है। कुछ स्टडीज में दावा किया गया है कि यह वायरस पिछले छह दशकों से दुनिया में मौजूद है।

### दुनिया के किन देशों में दिख चुका है इसका असर?

2023 में एचएमपीवी के कई मामले नीदरलैंड, ब्रिटेन, फिनलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका और चीन में दर्ज किए गए हैं। बीजिंग की कैपिटल मेडिकल यूनिवर्सिटी के यू'आन अस्पताल में श्वसन और संक्रामक रोग विभाग के मुख्य चिकित्सक ली तोंगजेंग के मुताबिक, मास्क पहनने, हाथों को लगातार धोने और प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने से बीमारी से राहत मिल सकती है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 12 जनवरी - 2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का कांड
Manu Vashishth
5h
आसमान जो अपनी बुलंदियों पर इतराता है, भूल जाता है कि जमीन से नजर आता है,...

# 56 साल पुराने शिव मंदिर में जीर्णोद्धार के बाद मिलेगा आस्था का सबसे बड़ा उपहार

## शिवलिंग पर अर्पित जल यहां जायेगा सीधे भू-गर्भ में और शुरू होगी एक नई परम्परा





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुराने शहर की बात निराली है और पुराना शहर अपने आप में एक इतिहास समेटे हुए है। पुराने शहर के दिल्ली गेट इलाके में 56 साल पुराना एक मंदिर ऐसा भी है जिसकी जमीन ही नीलामी में इस शर्त पर खरीदी गई थी कि जमीन वो ही खरीदेगा जो इस पर मंदिर का निर्माण करेगा। वैश्य समाज के एक परोपकारी व्यक्ति ने यह जमीन खरीदी और इस पर मंदिर का निर्माण कराया। धीरे धीरे समय बीता और यहां पर विहिप के कार्यालय से लेकर फिजियोथेरेपी सेंटर भी खुला। लेकिन अब जब मंदिर के पट खुलेंगे तो एक नया इतिहास होगा। इस मंदिर का जीर्णोद्धार हो रहा है और 56 साल पुराने शिव मंदिर में जब श्रृद्धालु यहां शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे तो यह अर्पित जल सीधे भू-गर्भ में जायेगा। इसके लिए मंदिर में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाया जा रहा है। एक नई परम्परा आस्था के साथ शुरू होने जा रही है।

### बोली वही लगाये जो यहां मंदिर बनवाये

करंट क्राइम। दिल्ली गेट इलाके में ये मंदिर गोपीमल की धर्मशाला के नाम से जाना जाता है। बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण 1959 में हुआ था। मंदिर का निर्माण कराने वाले सेठ गोपीमल के कोई संतान नहीं थी। यहां जमीन थी और जब ये जमीन नीलामी में ब्रिकी के लिए आई तो सेठ गोपीमल ने कहा कि यहां वो ही बोली लगायेगा जो यहां मंदिर का निर्माण करायेगा। इसके बाद उन्होंने बोली लगाई और मंदिर का निर्माण हुआ। मंदिर के भीतर शिलापट पर सेठ गोपीमल की पत्नी का नाम अंकित है। बताया जाता है कि मंदिर निर्माण के बाद उन्होंने अपने जीवित रहते ही यहां अपने नाम का पत्थर अंकित कराया था और यह कहा था कि जब वो दुनिया में ना रहें तब इस पत्थर से पर्दा हटाया जाये। 56 वर्ष पुराना ये मंदिर आज भी है और यहां धर्मशाला भी है और एक फिजियोथेरेपी सेंटर भी है।

### राजस्थान से आ रही है मेहराब और नर्मदा नदी से आयेगा शिवलिंग



**करंट क्राइम।** धर्म और आस्था के इस काम में पूरी श्रृद्धा के साथ दिल्ली गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव मित्तल साजू जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि बंटी गोयल और राहुल गर्ग ने मंदिर के जीर्णोद्धार की इच्छा व्यक्त की और फिर ये बात उन तक पहुंची। मंदिर पुराना है और एक तरह से शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है। इस काम में सेठ स्वर्गीय गोपीमल के पौत्र अरूण पुत्र सुरेश भी साथ आये। संजीव मित्तल ने बताया कि मंदिर का जीर्णोद्धार चल रहा है। यहां राजस्थान से मेहराब बन कर आ रही हैं और नर्मदा नदी से पवित्र शिवलिंग आयेगा जिसकी पूरे विधि विधान से स्थापना की जायेगी। इसके अलावा मंदिर में जयपुर से मूर्तियां भी मंगाई गई हैं। शहर के प्रतिष्ठित लोगों की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम में यह मूर्तियां भी स्थापित की जायेंगी।

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने वक्फ बोर्ड की संपत्ति में से मांगा विस्थापित पंजाबियों का हिस्सा

● प्रधानमंत्री को लिखा पत्र और कहा पंजाबियों को दिया जाये वक्फ बोर्ड की जमीन से क्लेम



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पिछले काफी लंबे समय से वक्फ बोर्ड को लेकर चर्चायें आम हैं। वक्फ बोर्ड वाले जिस किसी भी संपत्ति पर हाथ रख दे वह सम्पत्ति वक्फ बोर्ड की हो जाती हैं। यहाँ तक की महाकुंभ का जो मेला प्रयागराज में आयोजित हो रहा हैं वक्फ बोर्ड वालों ने उस पर भी अपना अधिकार जताते हुए कह दिया हैं कि महाकुंभ की मेला वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति पर चल रहा हैं। मैं इस वक्फ बोर्ड वालों से पूछना चाह रहा हूँ कि 1947 के बंटवारे से पूर्व वक्फ बोर्ड कहाँ था ? 1947 के बंटवारे में बंटवारा हिन्दुस्तान पाकिस्तान का नहीं हुआ बल्कि पंजाब का बंटवारा हुआ। बंटवारे के समय जो पंजाबी भारत आये और यहाँ पर पुनः स्थापित हुये और खाली हाथ आये मरे कटे भी पंजाबी। यहाँ से जाने वाले मुसलमानों को वहाँ पर जाकर हजारो बीघे खेती की भूमि मिल गई, बड़े-बड़े मकानात मिल गये। परंतु उधर से आये हुए पंजाबीयों में से मुश्किल भर 15 से 20 प्रतिशत लोगों को ही क्लेम में बहुत कम सम्पत्ति मिल पाई और 80 प्रतिशत पंजाबी अपने बल-बूते पर ही खडे हुए। उनको कोई क्लेम में खेती की भूमि नहीं मिली। कोई मकान नहीं मिले। कोई व्यापार नहीं मिले और खाली हाथ आये हुए पंजाबीयों ने मेहनत करके अपने आप को यहाँ खडा किया।

# क्या गणतंत्र दिवस वाली लोकल परेड में बदलेंगे कमांडर के फेस!

## अगर 22 वाले आईपीएस भेजे गए प्रयागराज, तो कौन संभालेगा कमान




**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** बीते दिनों पुलिस मुख्यालय से 2022 और 23 बैच के अंडर ट्रेनिंग आईपीएस अधिकारियों की ट्रेनिंग के लिए प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ में भेजे जाने के निर्देश जारी किए गए थे।

वहीं उसके बाद से चर्चा शुरू हो गई है कि अगर 2022 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रयागराज भेजे जाएंगे तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पर इसका क्या असर पड़ेगा। उधर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि वर्तमान में जो पुलिस लाइन में 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस वाली परेड की तैयारी चल रही है। उसमें प्रथम कमांडर की भूमिका में आईपीएस अधिकारी लिपि नगायच ,तो वहीं द्वितीय परेड कमांडर के रूप में 2022 बैच के ही आईपीएस अधिकारी गौतम राय भी इन दिनों पुलिस लाइन में परेड की तैयारी में व्यस्त देखे जा रहे हैं, अगर दोनों ही अधिकारियों को प्रयागराज भेजा गया तो सवाल उठता है की फिर परेड में कमांडर वाली भूमिका में किस अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।



### उठ रहा है सवाल, कब रिलीज होंगे एसीपी साहिबाबाद

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी साहिबाबाद के पद पर तैनात रजनीश उपाध्याय का 26 नवंबर को गैर जनपद तबादला हो गया था। उनके तबादले के बाद उनको अभी तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से रिलीव नहीं किया गया है। सूत्र बता रहे हैं कि जिस जनपद में उनको भेजा गया है, वहां के अधिकारी लगातार उनको अपने यहां बुलाने के लिए प्रयासरत हैं, पर अभी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से वह कब लेफ्ट होते हैं, इस बात को लेकर सस्पेंस बना हुआ है।

### क्या एसीपी लिस्ट पर भी आएगा कोई रिजल्ट

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चा उठी थी कि एसीपी स्तर की जल्द ही तबादला लिस्ट आ सकती है। इसमें कुछ फेरबदल होगा, तो कुछ को मौका दिया जाएगा, पर सूत्र बता रहे हैं कि अभी लिस्ट को लेकर किसी प्रकार की संभावना नजर नहीं आ रही है। देखना होगा की लिस्ट को लेकर अंतिम फैसला कब होता है और किसको कुर्सी वाला गिफ्ट मिलता है।

### जम्मू-कश्मीर के चार युवक गिरफ्तार

# गाजियाबाद में बिना लाइसेंस सिक्योरिटी एजेंसी चलाते थे, कम वेतन पर रखते थे गार्ड



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मसूरी पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के चार लोगों को अवैध रूप से सिक्योरिटी एजेंसी चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों में शराफत अली, जफर इकबाल, मोहम्मद सफर (तीनों पूंछ निवासी) और मुमताज हुसैन (राजौरी निवासी) शामिल हैं। मामले का खुलासा तब हुआ जब कठुआ जिले के जिलाधिकारी के आदेश पर जम्मू-कश्मीर पुलिस एक आरोपी अब्बास को पब्लिक सेफ्टी एक्ट के तहत गिरफ्तार करने गाजियाबाद पहुंची। इसके बाद गाजियाबाद पुलिस की जांच में यह मामला सामने आया।

डीसीपी रूरल सुरेंद्रनाथ तिवारी के अनुसार, आरोपी मसूरी क्षेत्र की फैक्ट्रियों में सिक्योरिटी गाड्र्स की आपूर्ति करते थे। जांच में पता चला कि आरोपी जम्मू-कश्मीर से युवाओं को लाकर उन्हें कम वेतन पर नौकरी देते थे, जबकि फैक्ट्रियों से मोटी रकम वसूलते थे। इन गाड्र्स का न तो चरित्र सत्यापन कराया गया था, न ही निवास सत्यापन या मेडिकल परीक्षण।

पुलिस अब गाड्र्स को दी गई बंदूकों के लाइसेंस की जांच कर रही है। सभी चारों आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है। यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# पुलिस कमिश्नरेट में कब होगी लेट नाइट चलने वाले क्लबों पर कार्रवाई

## पुलिस को चलाना होगा अवैध होटल की तरह विशेष अभियान



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के द्वारा ओयो होटल और बिना लाइसेंस के संचालित कमिश्नरेट के तीनों जोन के सैकड़ो होटल पर कार्रवाई करते हुए सील कर दिया था। बताया गया था कि इन होटलों के पास लाइसेंस नहीं थे, तो पुलिस कमिश्नरेट में चर्चा हो रही है कि नदिया पार के इलाके में देर रात तक चलने वाले क्लबों पर कारवाई कब होगी।

सवाल उठ रहा है कि कई क्लब ऐसे हैं जिन पर रात 12 बजे तक का लाइसेंस है और वह सुबह 4 बजे तक पार्टियों को आयोजित करते हैं। हालांकि समय-समय पर ट्रांस हिंडन पुलिस कार्रवाई करती रहती है,लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों कौशांबी थानाक्षेत्र के बाद इंदिरापुरम क्षेत्र के क्लब वालों की लेट नाइट पार्टी का नया अड्डा बन गया है।

### कब शुरू होगा नदिया पार में अवैध क्लबों पर पुलिस का ऑपरेशन

करंट क्राइम : सवाल उठ रहा है कि नदिया पार में अवैध क्लबों पर पुलिस का ऑपरेशन कब शुरू होगा, बीते दिनों गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा तीनों जोन में अवैध रूप से चलने वाले होटल पर कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई के बाद ओयो की ओर से कपल एंट्री को लेकर नियम बदले जाने की बात भी सामने आ रही है। तो वहीं कई इलाकों में पुलिस ने सख्ती भी की है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चा हो रही है कि जिस तरीके से पुलिस ने अवैध होटल पर कार्रवाई की है। उसी प्रकार लेट नाइट और अर्ली मॉर्निंग तक ओपन रहने वाले इन कलाबों पर पुलिस का ऑपरेशन कारवाई कब शुरू होगा।

### सोशल मीडिया पर आती रहती है फोटो और वीडियो

करंट क्राइम : नदिया पार के इलाके में नाइट क्लब सुबह 4 बजे तक संचालित हो रहे हैं, इसकी वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर भी आती रहती हैं। वहीं इलाके के लोग और प्रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा भी ट्विटर पर शिकायतें की जाती हैं। तो वहीं पुलिस भी समय-समय पर इन नाइट क्लब में हुक्का बार चलाने और बिना लाइसेंस के शराब पिलाए जाने को लेकर कार्रवाई करती है लेकिन सुबह तक चलने वाले इन क्लबों पर लाइसेंस न होने के बावजूद भी इनको संचालित होने पर अभी तक ना तो इंदिरापुरम में संबंधित विभाग और पुलिस एक्शन वाला मूड अपना रही है। बता दें कि यहां पर समय-समय पर सोशल मीडिया पर लेट नाइट पार्टी क्लब और यहां के वीडियो और फोटो वायरल होते रहते हैं।

# ई-ऑफिस प्रणाली में अग्रणी बना गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

## जीडीए की यह पहल तेज और प्रभावी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**ई-ऑफिस प्रणाली, जो 1 सितंबर 2024 से आज तक की अवधि में कुल 12,205 फाइलें निपटाई गईं, जिनमें से केवल 2,356 फाइलें लंबित हैं। ई-ऑफिस प्रणाली ने फाइल ट्रैकिंग को डिजिटल किया, पेपरवर्क में कमी लाई और विभागीय समन्वय को बेहतर बनाया।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया है। यह पहल प्राधिकरण को इस प्रणाली में अग्रणी बनाती है। जीडीए की यह डिजिटल परिवर्तन पहल नागरिकों को तेज और प्रभावी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

ई-ऑफिस प्रणाली, जो 1 सितंबर 2024 से आज तक की अवधि में कुल 12,205 फाइलें निपटाई गईं, जिनमें से केवल 2,356 फाइलें लंबित हैं। ई-ऑफिस प्रणाली ने फाइल ट्रैकिंग को डिजिटल किया, पेपरवर्क में कमी लाई और विभागीय समन्वय को बेहतर बनाया।




जीडीए ने न केवल फाइल निपटान प्रक्रिया को तेज किया है, बल्कि लंबित फाइलों की संख्या को भी नियंत्रित किया है। उदाहरण के तौर पर, 0 से 7 दिनों के भीतर 630 फाइलें और 31 से 60 दिनों के भीतर 701 फाइलों का समाधान किया गया।

ई-ऑफिस प्रणाली के बारे में उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म प्रशासनिक कार्यों को तेज और पारदर्शी बनाने में एक सफल प्रयास है। यह पहल न केवल कार्य प्रणाली को डिजिटल रूप में बदलने में मददगार रही है, बल्कि हमारी जवाबदेही और पारदर्शिता में भी सुधार हुआ है। हमारा लक्ष्य इस प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाना है।

### ई-ऑफिस प्रणाली की विशेषताएं और उपलब्धियां

प्रशासनिक विभाग : कुल 1,046 फाइलें निपटाई गईं।
इंजीनियरिंग विभाग : सबसे सक्रिय विभाग रहा, जिसने 2,199 फाइलों को संभाला और 60 दिनों के भीतर 402 मामलों का निपटान किया।
संपत्ति प्रबंधन विभाग : 1,325 मामलों का सफल समाधान किया।
भूमि अधिग्रहण, योजना, और निर्माण जैसे विभागों में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई।

# लाइन पार की अतिक्रमण वाली भूमि पर कब चलेगा बुलडोजर!

## सस्पेंस बरकरार | सांसद, सदर विधायक पहले ही लिख चुके हैं रक्षा मंत्री को पत्र





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर विधानसभा क्षेत्र-56 में पुराना विजयनगर भूड़ भारत नगर में डिफेंस की एक बड़ी जमीन पड़ी है जिसमें वर्तमान में लंबे समय से हजारों लोग भूमि पर अतिक्रमण करके रह रहे हैं। यह बड़ी भूमि है, जिसपर लंबे समय से लोगों का कब्जा है। इसे हटाने के लिए बीते दिनों शहर विधायक संजीव शर्मा ने भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखा था और यहां की जमीन पर अतिक्रमण होने की जानकारी रक्षा मंत्रालय को भी दी गई थी। बताया जा रहा है कि इस मामले को लेकर गाजियाबाद नगर निगम और पुलिस की ओर से यहां अतिक्रमण हटाने और बुलडोजर चलाने की कार्रवाई पर कामकाज शुरू हो चुका है। इसको लेकर अधिकारियों और एक्शन लेने वाले कर्मचारियों को भी निर्देश दे दिए गए हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां सोमवार को कार्रवाई होने की चर्चा है, पर बताया जा रहा है कि यह एक बड़ा व्यापक अतिक्रमण हैं। यहां हजारों लोग रहते हैं, इसको लेकर कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न ना हो, इसलिए भारी संख्या में कई थानाक्षेत्रों और जोन का पुलिस बल भी मांगा गया है।



उधर पुलिस के बेहद विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि अतिक्रमण वाली कार्रवाई सर्दी का मौसम और कुंभ मेले में पुलिस फोर्स की रवानगी की वजह से कुछ दिन आगे पीछे भी हो सकती है।

### चलेगा बुलडोजर तो जुटेंगे विरोधी दल

करंट क्राइम : पुलिस और लोकल सूत्रों से जो जानकारी मिली है इस जमीन पर बड़ी संख्या में झुग्गियों और अन्य पक्के मकान भी बन गए हैं। साथ ही बड़ी संख्या में लोग रहते हैं। इस मामले को लेकर जहां रक्षा मंत्रालय को इस भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की सिफारिश की गई थी, तो इस विषय को लेकर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने भी चर्चा दिल्ली में की है। वही संजीव शर्मा जो शहर विधायक हैं, उन्होंने भी यह विषय उठाया था। पुलिस के और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगर यहां पर नगर निगम सोमवार को अतिक्रमण वाली कार्रवाई करेगा तो विरोधी दलों का प्रदर्शन और विरोध भी नजर आएगा। हालांकि सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस बल और नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता को सोमवार के कार्यक्रम के लिए लैटर भेज दिए गए हैं देखना होगा सोमवार को क्या मैटर रहता है।

### लाइन पार में होगी अबतक की सबसे बड़ी कार्रवाई

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के विजयनगर इलाके में सोमवार को सेना की जमीन पर अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू हुआ तो यह लाइन पार इलाके में नगर निगम की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई होगी। जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस बल और नगर निगम के दस्ते का इस्तेमाल किया जाएगा। बताया जा रहा है कि यह अभियान कई घंटे तक चलेगा और इस कार्रवाई के कई अप्रत्याशित परिणाम भी सामने आ सकते हैं।

## संपादकीय

# गलत सूचनाओं में इजाफा

मेटा (फेसबुक और इंस्टाग्राम की मालिक कंपनी) द्वारा अपना फैक्ट चेक कार्यक्रम बंद करके उसकी जगह एक्स (पूर्व में ट्विटर) की तरह “कम्युनिटी नोट्स” शुरू करने का फैसला अमेरिका की राजनीतिक व्यवस्था में होने जा रहे बदलाव की वजह से लिया जा रहा है। मेटा के खिलाफ ऐंटीट्रस्ट जांच चल रही हैं। इसके तहत बाजार में स्वतंत्र प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाले आचरण की जांच की जाती है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि “बहुत संभव है” कि मेटा द्वारा यह बदलाव उनकी वजह से ही किया जा रहा हो। ट्रंप ने कई अवसरों पर फैक्ट चेकर्स को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है।

मेटा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मार्क जकरबर्ग ने भी कहा है कि मेटा अपनी 2021 की नीति वापस लेगी जिसकी बदौलत वह राजनीतिक सामग्री की प्रस्तुति कम कर रही थी। इसका मतलब यह है कि आप्रवासन, लैंगिकता और धर्म जैसे मसलों पर ज्यादा सामग्री पोस्ट की जाएगी। बदलाव की शुरूआत अमेरिका से होगी। मेटा के लिए यूरोपीय संघ जैसी जगहों पर यह बदलाव करना मुश्किल होगा क्योंकि उनके यहां नफरती भाषण और गलत सूचना देने के मामले में अमेरिका की तुलना में कहीं अधिक सख्त नियम हैं। यह निर्णय दो सबसे बड़े मंचों पर गलत सूचनाओं के साथ व्यवहार को बदलने वाला है। यह 80 से अधिक फैक्ट चेकिंग संगठनों की वित्तीय स्थिति को भी प्रभावित करेगा जो दुनिया भर में मेटा के साथ काम करते हैं। फैक्ट चेकिंग की शुरूआत 2016 के अमेरिकी चुनावों और ब्रेक्सिट जनमत सर्वेक्षण के बाद की गई थी। इन दोनों अवसरों पर फेसबुक पर प्रसारित गलत सूचनाओं का बहुत अधिक प्रभाव था। राजनीतिक सामग्री कम करने का निर्णय उपयोगकताओं के फीडबैक के आधार पर लिया गया था। मेटा ने तीसरे पक्ष के फैक्ट चेकर्स से कहा था कि वे सामग्री की पुष्टि करें। जो सूचनाएं गलत पाई जातीं उनको न्यूज फीड में नीचे कर दिया जाता है। अगर कोई गलत पोस्ट साझा करने की कोशिश करता है तो उसे एक नोट दिखाकर बताया जाता है कि क्यों वह सूचना भ्रामक है। ईलॉन मस्क द्वारा खरीदे जाने के पहले ट्विटर भी ऐसा ही करता था। बाद में उसने कम्युनिटी नोट्स की व्यवस्था की। इसके तहत उपयोगकर्ता भ्रामक ट्वीट में जरूरी संदर्भ जोड़ सकते हैं। वे ऐसा मॉडरेशन के बजाय पाठकों की सहमति से कर सकते हैं।

तीसरे पक्ष का फैक्ट चेक भी किसी लिहाज से परिपूर्ण नहीं था लेकिन एक्स के अनुभव ने बताया कि यह कम्युनिटी नोट्स से बेहतर था। अभिव्यक्ति की आजादी का समर्थन करने के लिए उठाए गए इस कदम के बाद घृणा फैलाने वाले भाषणों, गलत व्यवहार और शोषण तथा हिंसात्मक सामग्री की बाढ़ आ गई। मस्क के मालिकाने में आने के बाद एक्स ने जो पहली पारदर्शिता रिपोर्ट जारी की वह कहती है कि जनवरी से जून 2024 के बीच 53 लाख खातों को गलत व्यवहार के कारण प्रतिबंधित किया गया। यह 2022 की समान अवधि में प्रतिबंधित किए गए 16 लाख खातों से तीन गुना से भी अधिक है। ट्विटर का मालिकाना अक्टूबर 2022 में बदला था। एक्स “प्रीमियम पोस्टकताओं” के साथ विज्ञापन राजस्व भी साझा करता है। कम्युनिटी नोट्स और राजस्व साझेदारी का मिश्रण एक तबाही को न्योते जैसा है। विवादित पोस्ट्स को अधिक लोग देखते हैं और विवाद उत्पन्न करने वाले पोस्ट कताओं को अधिक राजस्व मिलता है। कम्युनिटी नोट्स की व्यवस्था के कारण सार्वजनिक हस्तियों की सामग्री की उनके विरोधी गलत लेबलिंग कर सकते हैं। यह अभिव्यक्ति की आजादी के बुनियादी सिद्धांत के विरुद्ध है।

# क्लीनटेक सेक्टर सेल्फ-सस्टेनिंग इनोवेशन को अपनाएं : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली, 11 जनवरी।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने क्लीन एनर्जी सेक्टर से सरकार पर निर्भरता समाप्त करने का आग्रह किया है और कहा है कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं केवल परियोजनाओं को शुरू करने में मदद करने के लिए हैं। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, एक कार्यक्रम में 'भारत क्लीनटेक मैन्युफैक्चरिंग प्लेटफॉर्म' को लॉन्च करते हुए केंद्रीय मंत्री ने प्रतिभागियों से इनोवेटिव तरीके से सोचने और देश में विनिर्माण के पैमाने को बढ़ाने के लिए कहा। 'भारत क्लाइमेट फोरम 2025' में लॉन्च किया गया यह मंच सोलर, विंड, हाइड्रोजन और बैटरी स्टोरेज में देश के क्लीनटेक वैल्यू चेन को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई एक पहल है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह मंच भारतीय फर्मों को सहयोग करने, मिलकर नवाचार करने और फाइनेंसिंग, विचारों, टेक्नोलॉजी और संसाधनों को साझा करने के लिए एक मंच के रूप में काम करने का अवसर प्रदान करेगा।

इससे भारत को सस्टेनेबिलिटी और क्लीनटेक सेक्टर में आकर्षक और वैश्विक नेता बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि सब्सिडी क्लीन एनर्जी सेक्टर के दीर्घकालिक विकास और वृद्धि के लिए हानिकारक है और कंपनियों को आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने उम्मीद जताई कि फोरम में भाग लेने वाले लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में 2030 तक 500 गीगावाट क्लीन एनर्जी क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम होंगे। उन्होंने बताया कि भारत 2015 में संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) और पेरिस समझौते में प्रस्तुत राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनसीडी) को पूरा करने के मामले में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले देशों में से एक रहा है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, “हम अपने लक्ष्यों से काफी आगे हैं। हमने 2022 तक रिन्यूएबल या क्लीन एनर्जी क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित समय से आठ साल पहले ही हासिल कर लिया है।

# भारत की अर्थव्यवस्था ग्लोबल इकोसिस्टम में एक उज्ज्वल राह पर बनी रहेगी : अर्थशास्त्री



**नई दिल्ली, 11 जनवरी।** भू-राजनीतिक उथल-पुथल और विश्व अर्थव्यवस्थाओं के सिमटने के बीच, भारत की अर्थव्यवस्था ग्लोबल इकोसिस्टम में एक उज्ज्वल स्थान पर बने रहने की उम्मीद है। शनिवार को प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने कहा कि वैश्विक विकास पथ पर देश उच्च स्तर पर पहुंच जाएगा। भारत विशेष रूप से दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय विकास को लेकर बेहतर स्तर पर होगा।

संयुक्त राष्ट्र की लेटेस्ट विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना (डब्ल्यूईएसपी) 2025 रिपोर्ट में भारत की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, जबकि विश्व अर्थव्यवस्था सिर्फ 2.8 प्रतिशत, अमेरिका की 1.9 प्रतिशत और चीन की 4.8 प्रतिशत रहेगी।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के मुख्य अर्थशास्त्री और उप महासचिव डॉ. एसपी शर्मा ने आईएएनएस को बताया, भारत की उच्च विकास पथ उच्च स्थिति सरकार द्वारा पिछले कई वर्षों के दौरान किए गए विभिन्न सुधारों पर आधारित है और भारतीय अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर 8 प्रतिशत से अधिक है, जो बहुत प्रेरणादायक और उत्साहजनक है। देश 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और 2030 तक अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 7 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है, क्योंकि आर्थिक सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था को एक शानदार विकास पथ प्रदान करते हैं।

अर्थशास्त्री और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजू वर्मा ने आईएएनएस को बताया कि भारत 2025 में वैश्विक जीडीपी विकास का 'टॉर्च बियरर' होगा। भारत की यह उच्च स्थिति मजबूत निजी खपत की वजह से देखी जाएगी, जो लगातार बढ़ रहा है। वर्मा ने कहा, “यह मत भूलिए कि लगातार, तिमाही दर तिमाही, निजी खपत 6 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रही है। दो तिमाहियों पहले, यह संख्या वास्तव में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ एक नए उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, निजी खपत के अलावा, यह भी उत्साहजनक है कि नवंबर में आईआईपी वृद्धि संख्या शानदार रही है, जो 5.2 प्रतिशत पर आई है। यह छह महीने का उच्चतम है, जो मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ की वजह से देखी गई। वर्मा ने कहा, “आईआईपी को बढ़ावा देने वाली बात यह है कि 23 इंडस्ट्री ग्रुप में से 18 ने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।

# आप 10 घंटे में दुनिया बदल सकते हैं, वर्क-लाइफ बैलेंस पर बोले आनंद महिंद्रा



**नई दिल्ली, 11 जनवरी।** महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की कुंजी 'काम की गुणवत्ता' है न कि 'काम की मात्रा'। उन्होंने देश के टॉप कॉर्पोरेट लीडर्स द्वारा शुरू किए गए कार्य-घंटे बैलेंस पर चल रही बहस पर बात की।

राष्ट्रीय राजधानी में 'विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025' कार्यक्रम में बोलते हुए, महिंद्रा ने खचाखच भरे सदन में कहा कि यह बहस गलत दिशा में जा रही है। बिजनेस लीडर ने चुटकी लेते हुए कहा, मैं नारायण मूर्ति और दूसरे कॉर्पोरेट लीडर्स का बहुत सम्मान करता हूं। मेरा कहना है कि हमें काम की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, न कि काम की मात्रा पर। इसलिए यह 70 या 90 घंटे काम करने के बारे में नहीं है।

आनंद महिंद्रा ने आगे कहा कि यह काम के आउटपुट पर निर्भर करता है और आप 10 घंटे में दुनिया बदल सकते हैं। जब उनसे पूछा गया कि वे काम पर कितने घंटे लगाते हैं, तो उन्होंने कहा, मैं नहीं चाहता कि यह समय के बारे में हो।

मैं नहीं चाहता कि यह मात्रा के बारे में हो। मुझसे पूछें कि मेरे काम की गुणवत्ता क्या है। मुझसे यह न पूछें कि मैं कितने घंटे काम करता हूं। उनके अनुसार, रिन्यूएबल एनर्जी का उनका स्रोत युवा लोगों के साथ बातचीत कर अपनी बैटरी रिचार्ज करना है। उन्होंने कहा, आज, मैं अपनी सभी उम्मीदों पर खरा उतरा, इसलिए मेरी बैटरी पूरी तरह से चार्ज हो गई है।

इस हफ्ते वर्क-लाइफ बैलेंस पर विवाद तब शुरू हुआ जब एलएंडटी के चेयरमैन एस.एन. सुब्रह्मण्यन ने कर्मचारियों को रविवार सहित सप्ताह में 90 घंटे काम करने का सुझाव दिया। आलोचनाओं का सामना करने के बाद, कंपनी ने कहा कि चेयरमैन की टिप्पणी राष्ट्र निर्माण की बड़ी महत्वाकांक्षा को दर्शाती है।

बॉलीवुड सुपरस्टार दीपिका पादुकोण से लेकर आरपीजी ग्रुप के चेयरपर्सन हर्ष गोयनका तक, शीर्ष हस्तियों ने सुब्रह्मण्यन की टिप्पणी की निंदा की।

## राशिफल

**मेष:** खुशनुमा जिन्दगी के लिए अपना जिद्दी और अड़ियल रवैये को दरकिनार करें, क्योंकि इससे सिर्फ समय की बबार्दी ही होती है।

**वृष:** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। दाम्पत्य संबंध मधुर होंगे। रोजमर्रा के कामों से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं।

**मिथुन:** किसी नए कार्य की शुरूआत कर सकते हैं, सफलता अवश्य मिलेगी। घर में खुशी का माहौल रहेगा, युवकों को सलाह है कि किसी से न उलझे।

**कर्क:** दिन व्यस्तता में बीत सकता है। नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच कर सकते हैं। आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती है। कुछ खास काम आपके अटक सकते हैं।

**सिंह:** आज किस्मत आपके साथ रहने वाली है। कार्यक्षेत्र में आज कुछ नया करने की कोशिश करें। काम धीरे-धीरे ही सही लेकिन पूरा जरुर हो जायेगा।

**कन्या:** भावनाओं का ज्वार तेजी पर होगा, व्यवहार आस-पास के लोगों को भ्रमित करेगा। अगर आप तुरन्त परिणाम चाहेंगे तो निराशा आपको घेर सकती है।

**तुला:** आज दिन मिला-जुला रहेगा। सभी काम आपके मन-मुताबिक पूरे हो सकते हैं। जरूरत से ज्यादा एकाग्रता के कारण आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**वृश्चिक:** विद्यार्थी, कलाकार और खिलाड़ियों के लिए आज का दिन अच्छा है। पिता तथा सरकार की ओर से लाभ होगा। मनोबल भी दृढ़ रहेगा।

**धनु:** जो धुंध चारों तरफ छायी हुई है और प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है। आर्थिक करार अंतिम रूप लेगा और धन तरफ आएगा।

**मकर:** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। कोई बड़ा और अलग काम करने से आपको बचना चाहिए। आप थोड़े सुस्त हो सकते हैं।

**कुंभ:** दिन आराम से बीतेगा। कोई खास काम या चुनौती नहीं होगी। काम के सिलसिले में कहीं जाना भी पड़ सकता है। जितना हो सके, सकारात्मक रहें।

**मीन:** आज के दिन किए गए दान-पुण्य के काम आपको मानसिक शान्ति और सुकून देंगे। बैंक से जुड़े लेन-देन में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है।

## चुटकुले

एक शराबी दूसरे शहर गया...वहां पर उसे शराब की तलब लगी...
शराबी शराब खरीदने पहुंच गया...
शराबी- एक बोतल विह्सकी देना...
दुकानदार- हमारे यहां शराबबंदी है आपको शराब नहीं दे सकते...
शराबी- तो दुकान क्यों खोली है इसमें शराब क्यों रखी है?
दुकानदार- ये शराब सिर्फ सांप और बिच्छू काटने के मरीजों के लिए है।
शराबी- अच्छा तो ये सांप बिच्छू कहां मिलेंगे...
दुकानदार बेहोश...

संता शराब पीकर बस में चढ़ा और एक साधू बाबा के पास बैठ गया,
साधू संता को नशे में देखकर कहते हैं...
बेटा तुम नरक के रास्ते पर जा रहे हो
इतना सूनते ही संता जोर जोर से चिल्लाने लगा ओय रोको रोको...
मुझे कहीं और जाना था... लगता है मैं गलत बस में चढ़ गया हूं...

# भारत में बना सबसे पावरफुल हाइड्रोजन ट्रेन इंजन : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव



**भारतीय रेलवे द्वारा विकसित हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाला ट्रेन इंजन किसी भी देश द्वारा निर्मित सबसे शक्तिशाली इंजन है। -अश्विनी वैष्णव**

**भुवनेश्वर, 11 जनवरी।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे द्वारा विकसित हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाला ट्रेन इंजन किसी भी देश द्वारा निर्मित सबसे शक्तिशाली इंजन है। रेल मंत्री ने 18वें प्रवासी भारतीय दिवस पर आयोजित “हरित संबंध: सतत विकास में प्रवासी भारतीयों का योगदान विषय पर पूर्ण सत्र के दौरान पैनल चर्चा में यह टिप्पणी की। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे द्वारा विकसित हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाले ट्रेन इंजन में दुनिया के किसी भी देश द्वारा विकसित इंजन की तुलना में अधिकतम हॉर्स पावर आउटपुट है। उन्होंने आगे कहा कि स्वदेशी तकनीक का उपयोग कर ऐसी उपलब्धि भारत को विकास के लिए हरित ऊर्जा का उपयोग करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी बनने के लिए प्रेरित करती है।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा, “दुनिया में केवल चार देशों में हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनें हैं, और वे 500 से 600 हॉर्स पावर के बीच ऊर्जा क्षमता का उत्पादन करती हैं। हमारे द्वारा निर्मित इंजन की क्षमता 1,200 हॉर्स पावर है, जो इस श्रेणी में अब तक का सबसे अधिक है।

उन्होंने चर्चा के दौरान उपस्थित लोगों को बताया कि इस तरह की पहली ट्रेन जल्द ही हरियाणा में जींद-सोनीपत मार्ग पर ट्रायल रन करने की उम्मीद है। इंजन निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन वर्तमान में इसका सिस्टम इंटीग्रेशन चल रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि भारत में निर्मित हाइड्रोजन से चलने वाले रेल इंजन को स्वदेशी टैलेंट का उपयोग कर विकसित किया गया है।

उन्होंने आगे कहा, “जब हम इतने बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रेन इंजन का निर्माण कर सकते हैं, तो इस तकनीक को ट्रकों, टगबोट और अन्य के लिए पावर ट्रेन बनाने के लिए अपनाने की क्षमता पर विचार करें।

उन्होंने कहा कि हालांकि इस तरह की तकनीकी उन्नति हमें आत्मविश्वास देती है, लेकिन भारत को तकनीकी आत्मनिर्भरता हासिल करने के मामले में अभी लंबा सफर तय करना है और वैल्यू चेन के कुछ हिस्सों को बनाने की जरूरत है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।
- जरुरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।
- चीनी को जब चोट पर लगाया जाता है, तो दर्द कम हो जाता है।
- शीर्ष दूध पीने वाला देश फिनलैंड में लगभग 95 गैलन दूध / व्यक्ति / वर्ष है। शीर्ष 5 देश दूध पीने के मामले में सबसे ऊपर हैं, फिनलैंड (361.1 9 किलो), स्वीडन (355.86 किलो), नीदरलैंड (320.15 किलो), स्विट्जरलैंड (315 किलो) और ग्रीस (314.6 9 किलो) हैं।
- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंस्टीटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।
- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है!
- जो देश दूध पीते हैं, वह स्मार्ट हैं और नोबेल पुरस्कार जीतने में ज्यादा सक्षम हैं!

## करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

12 01 2025 आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



विवान शाह अभिनेता

आरोही लाहोरिया, राशि, लवीना त्यागी, अनिता, मंजुला गुप्ता, पूनम वर्मा, अरूण वर्मा करंट क्राइम, राहुल त्यागी, मयंक गुप्ता, मुजफ्फर मिर्जा, अनिरूद्ध, विकास नागर, जितेंद्र त्यागी, सोनू यादव, मोनित गोयल, सचिन पाल, सुधीर तोमर, मुख्तयार अहमद, सौरभ चौधरी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भविष्य को लेकर विराट-रोहित पर विचार करेगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली ।** न्यूजीलैंड के खलिाफ घर में और ऑस्ट्रेलिया में भारतीय क्रिकेट टीम को मिली हार ने चयनकताओं, मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व वाले थिंक टैंक और बीसीसीआई को इस कदर हिला दिया है कि उनके सामने ऐसे सवाल खड़े गए हैं कि जिन पर वे मार्च में खत्म होने वाली 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद विचार कर सकते है।

ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि चयनकर्ता और गंभीर 11 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के रिव्यू के लिए मिलेंगे, लेकिन, भविष्य का सवाल हमेशा प्रमुखता से रहेगा और इसमें तत्काल भविष्य भी शामिल होगा जिसमें सवाल होगा कि भारत की वनडे टीम के लिए रीसेट बटन कब सक्रिय होगा? जो उन्हें भारतीय क्रिकेट के दो सबसे बड़े खिलाड़ियों विराट कोहली और टेस्ट, वनडे कप्तान रोहित शर्मा के बारे में बातचीत करने पर मजबूर करेगा।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले वनडे टीम में कोहली और रोहित का न होना भी अपमान की बात होती। वे 2023 वनडे विश्व कप में भारत के फाइनल तक पहुंचने में शीर्ष रन बनाने वालों में थे और पिछले साल जून में हुए टी20 विश्व कप में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी जहां पर रोहित और कोच राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में उन्होंने आक्रामकता का रूख अपनाया था।




तब से दोनों ही बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे हैं। रोहित ने यह भी स्वीकार किया है कि न्यूजीलैंड से भारत को मिली 0-3 की शिकस्त में उन्होंने कप्तानी में गलतियां की है। हालांकि, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनकी लंबे समय से चली आ रही बल्लेबाजी विफलता और उनकी उम्र (रोहित 37 वर्ष के हैं, कोहली 36 वर्ष के हैं) ने उन्हें अब सवालों के घेरे में ला दिया है।




भारतीय क्रिकेट में निर्णयकताओं के सामने ये प्रश्न होंगे : क्या उन्हें उसी प्रारूप के साथ इस चक्र को समाप्त करना चाहिए, जिसने उन्हें 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल तक पहुंचाया था या उन्हें हाल की घटनाओं को ध्यान में रखना चाहिए और चैंपियंस ट्रॉफी से ही एक नई शुरूआत करनी चाहिए?

जब गंभीर ने अगस्त में कोच का पद संभाला था तो श्रीलंका में वनडे सीरीज के लिए उनके पहले कार्य से पहले उनसे पूछा गया था कि उनकी नजर में रोहित और कोहली में कितना क्रिकेट बचा है।

# शिवकार्तिकेयन ने अजीत कुमार से कहा आपका जुनून हमें प्रेरित करेगा

**चेन्नई ।** अजीत कुमार 24एच दुबई 2025 रेसिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तैयार हैं, अभिनेता शिवकार्तिकेयन ने उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्टार का जुनून और समर्पण सभी को प्रेरित करता रहेगा।

अपने एक्स हैंडल पर अभिनेता शिवकार्तिकेयन ने लिखा, डियर अजीत कुमार सर, दुबई में 24एच सीरीज के लिए शुभकामनाएं! आपका जुनून और समर्पण हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। आपको इसमें भी सफलता मिले।

अजीत की टीम ने सातवें पोल पोजीशन पर जगह बनाई और क्वालिफाई किया है। अजीत कुमार ने हाल ही में एक टेलीविजन चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा था कि रेसिंग सीजन शुरू होने तक वह कोई नई फिल्म साइन नहीं करेंगे और अक्टूबर से मार्च के बीच वह एक फिल्म करेंगे।

24एच दुबई 2025 के बारे में पूछे गए एक अ न्य ा सवाल पर अभिनेता ने कहा, अगर आप उन सभी प्रारूपों को देखें जिनमें मैंने रेसिंग की है, तो वे स्प्रिंट रेस हैं,



जिसमें एक कार और कई ड्राइवर होते हैं। यह कार को लेकर है, जिसमें ड्राइवर को अपने सहायकों को बचाना होता है। यह एक टीम खेल है।

मंगलवार को अभ्यास के दौरान अभिनेता की कार दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके बावजूद उन्होंने रेस में भाग लेने का फैसला किया।

बता दें कि अजीत न केवल रेसिंग कर रहे हैं, बल्कि वह अजीत कुमार रेसिंग टीम के मालिक भी हैं। उनकी टीम पोर्श 992 वर्ग में भाग ले रही है। उनकी टीम में मैथ्यू डेट्री, फैबियन डफीक्स और कैमरन मैकलियोड शामिल हैं। फैबियन डफीक्स, अजीत कुमार रेसिंग के टीम मैनेजर हैं।

24एच दुबई 2025 अजीत कुमार के लिए बहुत मायने रखेगा क्योंकि यह रेसिंग की दुनिया में उनकी फर्म की प्रतिस्पर्धी शुरूआत है।

# ऑस्ट्रेलिया को वनडे में हराना हमारे लिए बहुत मुश्किल होगा : नाइट

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे से पहले, इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने कहा कि 50 ओवर के प्रारूप में विश्व चैंपियन को हराना बहुत मुश्किल होगा।

नाइट को लगता है कि 2023 में ड्रॉ होने वाली एशेज सीरीज उन्हें इस बार मेजबान टीम को हराने के लिए बहुत आत्मविश्वास देगी।

नाइट ने पहले वनडे की पूर्व संध्या पर नॉर्थ सिडनी ओवल में संवाददाताओं से कहा, हमारे लिए वनडे क्रिकेट में उन्हें हराना बहुत मुश्किल होगा, लेकिन हम अपनी स्थिति को लेकर बहुत आश्वस्त हैं। पिछले साल हमने कुछ शानदार जीत हासिल की हैं और 2023 की सीरीज हमें बहुत आत्मविश्वास देगी।



उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि ऑस्ट्रेलियाई टीम शायद इससे थोड़ा आहत हुई है और वे वास्तव में कड़ी टक्कर देने जा रहे हैं, और हमें इसके लिए तैयार रहना होगा और इसका सामना करने के लिए अपनी योजनाएं तैयार रखनी होंगी, और खुद इसका मुकाबला करने की कोशिश करनी होगी।

नाइट की टिप्पणी इंग्लैंड की स्पिनर चार्ली डीन की टिप्पणियों से मेल खाती है, जिन्होंने एक दिन पहले कहा था कि उनकी टीम पर पिछली एशेज हार के इतने दाग नहीं हैं। पिछले साल का ड्रॉ इंग्लैंड के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव था, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दो जीत हासिल की थीं।

नाइट की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली मुस्कुराईं और अपनी नाक सिकोड़ ली। फिर उनसे शुरूआत में गति बनाने के महत्व के बारे में पूछा गया, खासकर एशेज श्रृंखला से पहले लगातार पांच वनडे जीत के बाद, जिसकी शुरूआत तीन वनडे, उसके बाद तीन टी20 और चार दिवसीय टेस्ट से होगी। हीली ने कहा।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद तमीम इकबाल ने कहा, मैंने अपने दिल की सुनी, कप्तान ने मुझे रुकने को कहा था

**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश के पूर्व क्रिकेटर तमीम इकबाल ने बताया कि कप्तान नजमुल हसन शान्तो और चयन समिति ने उन्हें टीम में वापसी के लिए कहा था लेकिन, 35 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने दिल की सुनी और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया।



इकबाल ने फेसबुक पर एक भावुक पोस्ट लिखकर अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर पर विराम लगाया। 16 साल से अधिक लंबे करियर में बांग्लादेशी खिलाड़ी ने विभिन्न प्रारूपों में 387 मैच खेले। उन्होंने 15,192 रन बनाए। तमीम बांग्लादेश के इतिहास के सबसे प्रतिष्ठित और शानदार क्रिकेटरों में से एक हैं।

इकबाल ने लिखा, ₹कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने मुझे टीम में वापसी के लिए कहा। चयन समिति के साथ भी चर्चा हुई। टीम में मुझे शामिल करने के लिए मैं उनका आभारी हूं। हालांकि, मैंने अपने दिल की बात सुनी है। तमीम इकबाल बांग्लादेश के सबसे महान क्रिकेटरों में से एक हैं। तमीम के करियर की शुरूआत 2007 में हुई। इसके बाद उन्होंने बतौर ओपनर अपनी जगह पक्की की।

# 2025 सीजन में लंकाशायर के लिए खेल सकते हैं एंडरसन

**लंदन ।** तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन अगले सीजन डिवीजन टू काउंटी चैंपियनशिप में पेशेवर वापसी के लिए तैयार हैं। उन्होंने खुलासा किया कि उनकी तीनों प्रारूपों में वापसी के लिए लंकाशायर के साथ बातचीत चल रही है।

जुलाई 2024 में लॉड्र्स में वेस्टइंडीज के खलिाफ एंडरसन ने 188वां और अपने करियर का आखरिी टेस्ट खेला था। उन्होंने 21 सालों तक इंग्लैंड के लिए खेलते हुए 26.45 की औसत से 704 विकेट लिए और तब से वह पेशेवर क्रिकेट से दूर हैं।

हालांकि दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में खुद्र को रखकर उन्होंने दिखाया कि उनका काम अभी खत्म नहीं हुआ है। वह उस नीलामी में बिके नहीं थे और इंग्लैंड के टेस्ट गेंदबाजी कोच के रूप में अपनी भूमिका के दौरान वे फटि बने रहे, नियमित रूप से नेट पर अभ्यास करने के साथ-साथ टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोचों के साथ भी काम किया।



टेलीग्राफ की मानें तो उन्होंने लंकाशायर के साथ कम से कम एक फाइनल सीजन खेलने का वादा किया है। क्लब ने उनको उनके करियर में पहली बार साइन किया था जब वह बेहद युवा था और इसी क्लब के लिए उन्होंने 2002 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डेब्यू किया।

लंकाशायर पिछले सत्र में काउंटी चैंपियनशिप में शीर्ष पर नहीं रह सकी, लेकिन एंडरसन ने जून में साउथपोर्ट में नॉटिंघमशायर के खलिाफ अपने एकमात्र मैच में 35 रन देकर सात विकेट लेकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपनी स्थायी क्षमता का प्रदर्शन किया था।

उनके 2025 सत्र की शुरूआत से उपलब्ध होने की उम्मीद है, जिसमें वह 4 से 7 अप्रैल तक लंकाशायर के लिए मिडिलसेक्स के खलिाफ लॉड्र्स में वापसी करेंगे और इस दौरान वह अपनी कोचिंग की भूमिका भी जारी रख सकते हैं। मई में जम्बिाब्वे के खलिाफ एकमात्र मैच से पहले वह पांच मैचों में खेल सकते हैं।

एंडरसन की वापसी को उनके बढ़ते मीडिया कर्तव्यों के साथ जोड़ना होगा, जबकि लंकाशायर को एक दशक से अधिक समय में पहली बार उन्हें वेतन भी देना होगा, क्योंकि अब वह ईसीबी के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी नहीं हैं।

लंकाशायर का पहला घरेलू मैच चैंपियनशिप के दूसरे दौर में ओल्ड ट्रैफर्ड में नॉर्थम्पटनशायर के खलिाफ होगा, जो 11 अप्रैल से शुरू होगा।

वह लंकाशायर की सफेद गेंद टीम में भी शामिल हो सकते हैं, हालांकि उन्होंने एक दशक से ज्यादा समय से टी20 क्रिकेट का कोई भी प्रारूप नहीं खेला है। इस प्रारूप में उनका आखिरी मैच 2014 में टी20 ब्लास्ट फाइनल में आया था, जहां लंकाशायर चार रन से हारी थी।

# स्टीव स्मिथ ने बीबीएल में सबसे ज्यादा शतक लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की

**सिडनी ।** स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने शनिवार को पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ सिडनी सिक्सर्स की ओर से खेलते हुए बिग बैश लीग (बीबीएल) के इतिहास में सबसे ज्यादा शतक लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। 35 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने सिर्फ.64 गेंदों पर नाबाद 121 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और सात गगनचुंबी छक्के जड़े।




उनकी पारी की बदौलत सिक्सर्स ने 20 ओवर में 222/3 का विशाल स्कोर बनाया, जिससे रोमांचक मुकाबले की नींव रखी गई।

स्मिथ ने 58 गेंदों पर शतक लगाया, जो उनका चौथा टी20 शतक और बीबीएल के इतिहास में तीसरा शतक है। इस उपलब्धि के साथ, उन्होंने प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा शतक लगाने के बेन मैकडरमोट के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। उल्लेखनीय रूप से, स्मिथ ने यह उपलब्धि अपनी 32वीं बीबीएल पारी में हासिल की, जबकि मैकडरमॉट ने लीग में 100 मैच खेले हैं।

स्मिथ का मौजूदा बीबीएल सीजन में यह पहला प्रदर्शन था, जनवरी में भारत पर ऑस्ट्रेलिया की 3-1 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद वे सिक्सर्स में शामिल हुए थे। टी20 सर्किट में उनकी वापसी सनसनीखेज रही।

# खो खो विश्व कप 2025 के लिए भारतीय टीमों में ओडिशा के तीन खिलाड़ी चुने गए

**भुवनेश्वर ।** नई दिल्ली में 13 जनवरी से आयोजित होने वाले पहले खो खो विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए ओडिशा के तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

पबानी सबर को पुरुषों की भारतीय खो खो टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है, जबकि मगई माझी और सुभाश्री सिंह को महिलाओं की भारतीय खो खो टीम के लिए चुना गया है। इंदिरा गांधी स्टेडियम में 13 से 19 जनवरी तक होने वाली प्रतियोगिता में कुल 20 पुरुष और 19 महिला टीमें भाग लेंगी।

वरिष्ठ राष्ट्रीय चैंपियनशिप में ओडिशा का प्रतिनिधित्व करने वाले तीनों खिलाड़ी पिछले आठ महीनों से ओडिशा एएम/एनएस खो खो हाई परफॉरमेंस सेंटर (एचपीसी) में प्रशिक्षण ले रहे हैं और ओडिशा खो खो एचपीसी के कोच संजीव शर्मा द्वारा उनका मार्गदर्शन किया जा रहा है।



तीनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए शर्मा ने कहा, मैं पिछले साढ़े तीन साल से इन खिलाड़ियों के साथ हूं। जब मैं ओडिशा राज्य टीम का मुख्य कोच था और अब एचपीसी का मुख्य कोच हूं, तब मैंने उनके साथ मिलकर काम किया है। पबानी हमेशा से ही एक ऑलराउंडर और बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं। वह बहुत ही ईमानदार और समर्पित खिलाड़ी हैं और हाल ही में अल्टीमेट खो-खो टूनामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे, इसलिए मुझे हमेशा उम्मीद थी कि वह विश्व कप के लिए मुख्य टीम में जगह बनाएंगे और मैं उनके लिए वाकई बहुत खुश हूं।

महिला टीम की मगई और सुभाश्री के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों को विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। लड़कियों की टीम में हमेशा कड़ी प्रतिस्पर्धा रही है, इसमें कोई संदेह नहीं है।

# ज्यादा से ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतना है लक्ष्य: अलकाराज

**मेलबर्न ।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले 'जितने संभव हो सके उतने ग्रैंड स्लैम' जीतने का अपना लक्ष्य व्यक्त किया।

21 वर्षीय खिलाड़ी के संग्रह से ऑस्ट्रेलियन ओपन एकमात्र प्रमुख खिताब है जो वह जीते नहीं है अल्काराज ने कहा, मेरे लिए लक्ष्य ग्रैंड स्लैम, मास्टर्स 1000 जीतने की कोशिश करना है। मेरे लिए वे दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण टूनामेंट हैं।



उन्होंने कहा, जाहिर है कि रैंकिंग लक्ष्यों में ऊपर है, साथ ही, मैं जैनिक (सिनर) के जितना करीब हो सकता हूं उतना करीब पहुंचने की कोशिश कर रहा हूं या (अलेक्जेंडर) जवेरेव को भी पीछे छोड़ने की कोशिश कर रहा हूं। रैंकिंग वहां है। लेकिन मेरे लिए मुख्य बात ग्रैंड स्लैम है, जितना हो सके उतने ग्रैंड स्लैम जीतने की कोशिश करना,

अलकाराज ने पहले ही चार प्रमुख खिताब हासिल कर लिए हैं, हाल ही में सेवानिवृत्त हुए एंडी मरे और पूर्व विश्व नंबर 3 स्टेन वावरिंका जैसे महान खिलाड़ियों की उपलब्धियों को पीछे छोड़ दिया है। 2024 में, स्पैनियार्ड और जैनिक सिनर ने ग्रैंड स्लैम दृश्य पर अपना दबदबा बनाया, प्रत्येक ने दो खिताब जीते। जून से एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर काबिज सिनर, अलकाराज के करियर में एक केंद्रीय व्यक्ति बन गए हैं। अलकाराज ने साझा किया कि कैसे उनकी रोमांचक प्रतिद्वंद्विता उनके विकास में एक प्रेरक शक्ति रही है।

जब मैं उसके खिलाफ खेल रहा होता हूं, तो मेरी मानसिकता थोड़ी अलग होती है। जब आप सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों या दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सामना कर रहे होते हैं, तो आपको कुछ अलग करना होता है, अलग तैयारी या अलग मानसिकता, जब मैं उसका सामना कर रहा होता हूं, तो मुझे बस इतना पता होता है कि अगर मुझे जीतना है तो मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ खेलना होगा। बस इतना ही। शायद अगर जैनिक के खिलाफ खराब दिन होने पर 99 प्रतिशत संभावना है ।

# दूसरे वनडे में अजेय बढ़त बनाने उतरेगी भारतीय टीम

## युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होगी नजर

**राजकोट ।** पहले वनडे में छह विकेट से शानदार जीत के बाद भारतीय महिला टीम की नजर दूसरे मैच में जीत पर टिकी होगी। तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार को राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ खेला जाएगा। सुबह 11 बजे से खेले जाने वाले मुकाबले में भारत 2-0 की अजेय बढ़त बनाने का लक्ष्य लेकर उतरेगा।

### युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजरें

कप्तान स्मृति मंधाना ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखकर 41 रन बनाकर भारत को ठोस शुरूआत दिलाई जबकि प्रतिका रावल और तेजल हसब्निस ने शतकीय साझेदारी निभाकर टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत के लिए यह जीत




इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर और तेज गेंदबाजी की अगुआ रेणुका सिंह को आराम दिया गया है और वे इस सीरीज में नहीं खेल रहे हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाली रेणुका की अनुपस्थिति में तितास साधु ने अच्छा प्रदर्शन किया जबकि सयाली सतघरे और साइमा ठाकोर ने भी प्रभावशाली गेंदबाजी की। स्पिन विभाग में प्रिया मिश्रा और उप कप्तान दीप्ति शर्मा ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई।

### भारत को करना होगा फील्डिंग में सुधार

पहले मुकाबले में भारत की फील्डिंग कुछ खास नहीं रही थी। खिलाड़ियों ने विरोधी टीम की लीह पॉल को दो बार जीवनदान दिया जिससे आयरलैंड चार विकेट पर 56 रन से उबरकर 200 से अधिक रन बनाने में सफल रहा। शनिवार को खेले गए मैच के बावजूद टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा- हमें फील्डिंग में सुधार करने की जरूरत है। हमें उन्हें 180 पर रोकना चाहिए था, आगे भी ऐसा करने का लक्ष्य रखेंगे। हमें मैदान पर उतरकर अपनी योजनाओं को लागू करना होगा, यह अहम होगा।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में खादी महोत्सव 2025 का किया उद्घाटन

## कलाकारों, बुनकरों, और उद्यमियों को एक व्यापक मंच प्रदान करता है खादी महोत्सव- सीएम योगी




### पिछले 7 वर्ष में 3.5 लाख से अधिक लोगों को खादी के माध्यम से मिला रोजगार

- प्रजापति समुदाय के लोगों की प्रतिभा को आज मिल रहा है सम्मान- योगी
- कृषि की आय बढ़ाने का साधन बना हनी उत्पादन- मुख्यमंत्री

**लखनऊ, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खादी महोत्सव 2025 का भव्य उद्घाटन किया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित इस सप्ताहव्यापी महोत्सव में देशभर से आए खादी और हथकरघा उत्पादों के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। सीएम योगी ने प्रत्येक स्टॉल का दौरा किया और उत्पादों की जानकारी ली। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी खादी को भारत का स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया।

सीएम योगी ने कहा कि खादी केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि भारत का स्वाभिमान है। महात्मा गांधी ने इसे एक आंदोलन बनाया, जिसने आजादी की लड़ाई को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। चरखे ने देशवासियों को न केवल रोजगार का साधन प्रदान किया, बल्कि यह राष्ट्रीय आंदोलन का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बना। आज, आधुनिक युग में यह मैनुअल, सोलर और इलेक्ट्रिक चरखों के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि खादी न केवल एक कला है, बल्कि समाज की आवश्यकता भी है।

महोत्सव में माटी कला बोर्ड द्वारा प्रस्तुत उत्पादों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मिट्टी से बने बर्तनों ने थमाकोल और प्लास्टिक का पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि माटी कला उद्योग से जुड़े प्रजापति समुदाय को तालाबों से मुफ्त मिट्टी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे वर्षभर बर्तन बना सकें। माटी कला न केवल रोजगार का साधन बनी है, बल्कि दीपोत्सव जैसे आयोजनों ने इसे हर घर की परंपरा में शामिल कर दिया है।

### उत्तर प्रदेश का ब्रांड है वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट- सीएम योगी

सीएम योगी ने ओडीओपी योजना की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना उत्तर प्रदेश की विशिष्ट पहचान बन गई है। हर जिले का एक उत्पाद अब न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान को उत्तर प्रदेश ने पूरे देश में सबसे प्रभावी ढंग से लागू किया है। उन्होंने कहा कि हर जिले के उत्पाद न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं, बल्कि हस्तशिल्प और उद्यमिता को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न जिलों के वस्त्रों और हस्तशिल्प उत्पादों की विशिष्टताओं की चर्चा करते हुए कलाकारों की प्रतिभा की भी सराहना की।

### स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने का किया जा रहा प्रयास

सीएम योगी ने जोर देते हुए कहा कि सरकार ने खादी, माटी कला और अन्य उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने के लिए तंत्र विकसित किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिन लाभार्थियों को सोलर या इलेक्ट्रिक चाक, चरखा आदि प्रदान किए गए हैं, वे अपनी आय का एक हिस्सा बचत के रूप में सुरक्षित रखें और अन्य लोगों को स्वावलंबन के मार्ग पर प्रेरित करें। उन्होंने का कि यह स्वावलंबन की चेन है। सीएम योगी ने कहा कि पिछले 7 वर्ष में 3.5 लाख से अधिक लोगों को अकेले इस विभाग ने खादी के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करवाने में अपना योगदान दिया है।



### कृषि की आय बढ़ाने का साधन बना शहद उत्पादन- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने शहद उत्पादन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल एक लाभदायक व्यवसाय है, बल्कि तिलहनी फसलों की उत्पादकता भी बढ़ाता है। उन्होंने इसे आम के आम, गुठली के दाम की संज्ञा दी और कहा कि मधुमक्खियां फसल उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में सुधार करती हैं।

## उत्तर प्रदेश का ब्रांड ओडीओपी आज देश और दुनिया में धूम मचा रहा है- मुख्यमंत्री योगी

### कलाकारों, बुनकरों, और उद्यमियों को एक व्यापक मंच प्रदान करता है खादी महोत्सव- मुख्यमंत्री

खादी महोत्सव को एक व्यापक मंच बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव कलाकारों, बुनकरों, और उद्यमियों को अपनी कला प्रदर्शित करने और नई तकनीकों को सीखने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव न केवल खादी और ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि देशभर के कलाकारों और उद्यमियों को एक मंच पर ला रहा है। मुख्यमंत्री ने खादी के अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती मांग का उल्लेख करते हुए इसे भारत की सांस्कृतिक धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि खादी और हथकरघा के उत्पाद पर्यावरण अनुकूल हैं और आधुनिक फैशन में भी लोकप्रिय हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि महाकुम्भ में 240 से अधिक स्टॉल खादी और ग्राम उद्योग के द्वारा वहां पर स्थापित किए गए हैं, जिसके माध्यम से खादी का प्रचार-प्रसार होगा। सीएम योगी ने कहा कि खादी के वस्त्र ठंड के मौसम में गर्म होगा लेकिन गर्मियों में वही कपड़ा बॉडी को ठंडा रखता है। यही हमारे उत्पाद की पहचान है जो समय के अनुरूप हमें हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहायक होता है। सीएम योगी ने कहा कि इस महोत्सव की तर्ज पर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी खादी और हस्तशिल्प की प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा।

### आज त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों को मिल रही प्राथमिकता- सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा कि अब लोग त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने चीन निर्मित उत्पादों के स्थान पर स्थानीय हस्तशिल्प और डऊढ उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने की सराहना की। सीएम योगी ने कहा कि पहले त्योहार हमारा होता था सामान चीन से बिकने के लिए यहां पर आता था। वे लोग शरारत भी करते थे, उत्पादों में ऐसा जहर मिलते थे कि बच्चे छूते थे तो बीमार हो जाते थे, बहुत सारे लोगों की आंखों की रोशनी जाने का खतरा बना रहता था। सीएम योगी ने कहा कि स्थानीय उत्पाद न केवल हमारे कलाकारों को रोजगार देते हैं, बल्कि भारत के विकास में भी योगदान करते हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने माटी कला के 5 लाभार्थियों को टूलकिट और प्रमाणपत्र वितरित किए। इस अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर सहित कई गणमान्य अधिकारी और कलाकार उपस्थित रहे।

## अब नही बचेंगे सड़क पर अपराध करने वाले 41 चौराहे पर लगेंगे सीसीटीवी
## ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वालों का कटेगा चालान और नहीं भाग पाएंगे अपराधी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में बहुत जल्द इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम यानि आईटीएमएस लागू होगा। इससे खुद ब- खुद ट्रैफिक वायोलेशन करने वालों के चालान भी काटेगा और कोई अपराधी अपराध करके भागेगा तो भी आईटीएमएस की जद में आ जाएंगे। चोरी का वाहन सड़क पर जाते ही पकड़ा जाएगा तो अपराधिक वारदात को अंजाम देने वालों की भी पूरी कुंडली पुलिस तक पहुंच जाएगी। ऐसे



में अपराधियों की शामत आने से कोई नहीं रोक पाएगा।

गाजियाबाद में नगर निगम के नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि शहर के 41 चौराहों पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के तहत बहुत जल्द कैमरे लगने शुरू हो जाएंगे। कैमरे लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर नगर निगम ने कार्य शुरू करने के लिए कायार्देश भी जारी कर दिया है। चिन्हित चौराहों पर ऑटोमेटिक चालान काटने वाले उपकरण तथा कैमरे लगाए जाएंगे। अक्टूबर माह से ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों का कैमरे की मदद से चालान भी शुरू कर दिया जाएगा।

कैमरों को इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से जोड़ा जाएगा। लगभग आठ माह में कार्य पूरा होगा। सबसे पहले हिंडन एलिवेटेड रोड और हापुड़ रोड पर आइटीएमएस का कार्य शुरू किया जाएगा। इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम बनकर तैयार हो चुका है। आईटीएमएस का कार्य नगर निगम और यातायात पुलिस संयुक्त रूप से कर रही है। कंट्रोल रूम की निगरानी यातायात पुलिस करेगी। कुछ लोग दुर्घटना के बाद वाहन लेकर भाग जाते हैं। कैमरों की मदद से पुलिस उसे पकड़ सकेगी। वहीं सड़क पर रील बनाने और स्टंट करने वालों की पहचान कर पुलिस उन पर कार्रवाई करेगी।

## हत्या कर जलाया युवक का शव:हापुड़ में हाईवे किनारे मिला जला हुआ शव, पहचान छिपाने के लिए लगाई आग

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के सिंभावली थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह हाईवे किनारे एक युवक का जला हुआ शव मिला, जिसका ऊपरी हिस्सा पूरी तरह से जल चुका था। माना जा रहा है कि हत्यारों ने पहचान छिपाने के लिए शव को पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही सिंभावली और बाबूगढ़ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की भीड़ भी जमा हो गई। प्रारंभिक जांच में यह माना जा रहा है कि अपराधियों ने रात के समय शव को यहां लाकर उसे जला दिया।



एएसपी विनीत भटनागर के अनुसार, पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर गहन जांच कर रही है।

## 2 दिन के लिए हल्की बारिश की संभावना, 15 दिन में दूसरी बार बदलेगा मौसम

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में कोहरा छाया हुआ है। 12 जनवरी से मौसम विभाग ने हल्की बारिश की संभावना जताई है। 15 दिन में दूसरी बार बेमौसम बारिश से सर्दी बढ़ेगी। आज सुबह तापमान 7.1 डिग्री दर्ज किया गया। दिन में अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस पहुंचने का अनुमान है। दिन में भी धुंध जैसा मौसम रहेगा। आज हवा की गति 5 किमी प्रति घंटा से है। शनिवार सुबह तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया, दिन में अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह से कोहरा रहा, दोपहर बाद कुछ देर के लिए हल्की धूप दिखी, उसके बाद फिर धुंध जैसा मौसम रहा। रात में 5 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से सर्द हवाएं चली। पिछले 4 दिन से लगातार कोहरा पड़ रहा है।




## खुफिया वालों को आना होगा अलर्ट मोड पर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में जल्द ही खुफिया विभाग वालों को अधिक अलर्ट मोड पर रहना होगा। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि इस सप्ताह लाइन पार में एक बड़ा अतिक्रमण अभियान शुरू होने वाला है। अतिक्रमण अभियान को लेकर कई तरह की संभावना और प्लानिंग होनी की भी जानकारी मिल रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक तरफ पुलिस लाइन में सुबह परेड और शाम को परेड का लाइनअप होता है। तो वहीं 300 से अधिक पुलिसकर्मी प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ में ड्यूटी पर गए हुए हैं। इसी बीच लाइन पार वाले सिटी जोन के इलाके में एक बहुत बड़ा अतिक्रमण अभियान चल रहा है। बताया जा रहा है इसमें हजारों लोगों पर कार्रवाई होगी तो कई दर्जन बुलडोजर भी लगेंगे। इसमें कमिश्नरेट के कई




जोन की पुलिस और लाइन वाला सुरक्षा व अतिरिक्त फोर्स की मांग की गई है। बताया जा रहा है कि बीते दिनों इस मामले को लेकर लखनऊ और दिल्ली वाले अधिकारियों को भी इनपुट प्रदान कर दिया गया था। वहीं अगर इतना बड़ा एक्शन होगा, तो इसका कहीं ना कहीं राजनीतिकरण भी हो सकता है। वहीं पुलिस व राजनेताओं के बीच से मिली जानकारी के अनुसार विपक्ष की दो प्रमुख पर्टियों के कई फेस इस आंदोलन पर नजर रखेंगे। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस आंदोलन को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए इसमें कई जोन के प्रमुख एसीपी स्तर के अधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा। वहीं उन अधिकारियों को भी ड्यूटी के लिए बुलाया जा सकता है, जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में गुड वर्किंग के लिए जाने जाते हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि सोमवार को हटने वाले इस अतिक्रमण अभियान के लिए डंडे, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर से लेकर आंसू गैस के गोले और बज्रवाहनों की तैनाती के आदेश भी दिए गए हैं ताकि सब कुछ अंडर द कंट्रोल बना रहे। वहीं अब देखना होगा की लाइन पार वाले इस क्षेत्र के अतिक्रमण अभियान का क्या रिजल्ट आता है और क्या इसके साइड इफेक्ट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में दिखाई देंगे। वहीं सिटी के अधिकारियों के साथ कौन-कौन नजर आएगा।

## मुरादनगर में किसान की मौत पर ग्रामीणों का हंगामा:10 लाख रुपए मांगने पर कोल्हू मालिक ने दी थी धमकी, सुबह चारपाई पर मृत मिले




**मुरादनगर करंट क्राइम।** मुरादनगर के रावली कलां गांव में एक किसान की संदिग्ध मौत ने क्षेत्र में तनाव की स्थिति पैदा कर दी। मृतक सतपाल जाटव ने एक साल पहले स्थानीय कोल्हू संचालक को 10 लाख रुपए उधार दिए थे।

देर रात जब वह अपने पैसे वापस मांगने गए, तो आरोप है कि कोल्हू संचालक ने न केवल पैसे देने से इनकार कर दिया बल्कि तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद सतपाल घर लौटे और चारपाई पर लेट गए। सुबह परिजनों ने उन्हें मृत पाया। स्थानीय डॉक्टर ने मौत की पुष्टि की। मृतक के परिवार में पत्नी रामवीरी, दो पुत्र हिमांशु व दीपांशु और दो पुत्रियां हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने रावली पुलिस चौकी पर प्रदर्शन किया और न्याय की मांग की।

मृतक की पत्नी ने मुरादनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी के अनुसार, जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों का आरोप है कि कोल्हू संचालक की धमकी के कारण आए सदमे से सतपाल की मौत हुई है।

## क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन:हापुड़ में डीएम-एसपी ने किया उद्घाटन, कहा- खेल से बढ़ती है टीम भावना

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण (एचपीडीए) द्वारा के9 मैदान पर आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा और पुलिस अधीक्षक केजी सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर डीएम प्रेरणा शर्मा ने कहा कि यह टूनार्मेंट युवा खिलाड़ियों को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन और टीम भावना भी विकसित करते हैं।



एसपी केजी सिंह ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और संघर्ष की भावना विकसित होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा की और खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारने का आग्रह किया।

एचपीडीए के उपाध्यक्ष नितिन गौड़ ने बताया कि इस टूनार्मेंट से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला है और युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो युवाओं को बेहतर नागरिक और खिलाड़ी बनाने में सहायक होगा।

एसपी केजी सिंह ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और संघर्ष की भावना विकसित होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा की और खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारने का आग्रह किया।

एचपीडीए के उपाध्यक्ष नितिन गौड़ ने बताया कि इस टूनार्मेंट से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला है और युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो युवाओं को बेहतर नागरिक और खिलाड़ी बनाने में सहायक होगा।

## गाड़ी लाक करना भूले तो चोरो ने डेढ़ लाख उड़ाए

**ग्रेटर नोएडा करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा के बादलपुर में एक कंपनी मालिक के साथ दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है। हरेश कुमार शर्मा नाम के व्यक्ति की गाड़ी से चोरों ने डेढ़ लाख रुपये से भरा बैग चोरी कर लिया। घटना उस समय हुई जब वह कंपनी में कर्मचारियों की सैलरी बांटने के लिए जा रहे थे। घटना के समय हरेश कुमार अपनी कार को कंपनी के गेट पर खड़ी करके सामान उतार रहे थे। जल्दबाजी में वह गाड़ी को लॉक करना भूल गए। गाड़ी की पिछली सीट पर रखे लैपटॉप बैग में 1,50,000 रुपये नगद और कुछ महत्वपूर्ण कागजात थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए बैग चुरा लिया। जब हरेश कुमार को बैग गायब होने का पता चला, तो उन्होंने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में चार लोग एक मोटरसाइकिल पर चोरी किए गए बैग के साथ भागते हुए नजर आए।

## नोएडा में पकड़ा फर्जी कॉल सेंटर:लोन का झांसा देकर ठगी करते थे, दो महिला सहित 8 गिरफ्तार

**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा सर्विलांस, साइबर, थाना फेस-1 व सेक्टर-20 पुलिस के जाइंट आपरेशन में फर्जी कॉल सेंटर को पकड़ा है। कॉल सेंटर से आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें दो महिलाएं शामिल है। ये लोग लोन, इंश्योरेन्स पॉलिसी एवं शेयर मार्केट में निवेश कराने का झांसा देकर ठगी करते थे। इनके कब्जे से 17 मोबाइल फोन, एक सीपीयू, 4 रजिस्टर, 21 एटीएम कार्ड, 5 वोटर आईडी कार्ड, 6 आधार कार्ड, 3 पेन कार्ड, 1 डी.एल, 1 जीएसटी सर्टिफिकेट, 1 रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, 1 रेन्ट एग्रीमेन्ट व कुल 2660 रुपए बरामद।

डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि इनकी पहचान गणेश ठाकुर, प्रभाष झा, मनीष कुमार झा, परवेज आलम, शुभम यादव, ज्ञानेन्द्र, शबनम और अराधना हुई है। इनके द्वारा सेक्टर-2 में स्थित प्लाट नंबर ए-44 की बिल्डिंग



के तीसरे फ्लोर पर VHA INVESTERS खोला गया गया था। वहीं से इनको गिरफ्तार किया गया। ये सब लोग मिलकर बिना किसी लाइसेंस के फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर रहे थे। इनके द्वारा अब करीब 6 करोड़ रुपए की ठगी की जा चुकी है।

### डार्क वेब और जस्ट डायल लेते है डेटा

डीसीपी ने बताया कि ये लोग डार्क वेब और अन्य माध्यमों जैसे जस्टडॉयल आदि से वेंडर पता कर ऐसे लोगों का डाटा लेते हैं। जिन्हे लोन व इन्स्योरेन्स की आवश्यकता है। ये लोग विभिन्न बैंकों का कर्मचारी बताते हुए फोन करते है। ये सभी अपने बदलकर उसने बात करते है। जैसे शबनम पूजा शर्मा के नाम से, अराधना-रिंकी वर्मा के नाम से व गणेश-सुरेश के नाम से आदि इसी प्रकार काल व व्हाट्सएप पर मैसेज करते है।

इसके बाद कस्टमर की आवश्यकता अनुसार प्रलोभन देकर उनका आसान शर्तो पर लोन, इन्श्योरेन्स कराने का विश्वास दिलारकर उनसे कुल रकम का 10 से 15 प्रतिशत धनराशि पहले ही ले लेते है। इसके बाद लोन नहीं देते बल्कि उनसे संपर्क तोड़ लेते है। कई बार ऐसे व्यक्तियों से विभिन्न कारण बताकर लोन कराने अथवा लैप्स इन्श्योरेन्स पॉलिसी को रिन्यू कराने के लिये काफी मोटी रकम वसूली जाती थी।

### आरबीआई के प्रावधानों का का हवाला देकर वसूलते थे पैसा

किसी का अधिक पैसा जमा करा लिये जाने पर उस व्यक्ति के द्वारा पैसा मांगने पर उन्हे बताया जाता है कि टैक्स, आरबीआई व इरडा एक्ट के प्रावधानो के तहत उन्हे सम्पूर्ण भुगतान के लिये फीस के तौर पर और पैसा जमा कराना है। कई बार उन्हे यह बताकर कि उनका पैसा कंपनी द्वारा शेयर में लगाकर और अधिक मुनाफा उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए भी लोगों को झांसा देकर उनके साथ धोखाधड़ी कर सुनयोजित तरीके से षडयंत्र कर मोटी रकम वसूली जाती है।

## किशोरी के बाल खींचकर जातिसूचक शब्द कहे:धौलाना में युवक ने रास्ता रोककर की छेड़खानी, पुलिस ने आरोपी को घर से पकड़ा



**हापुड़ करंट क्राइम।** धौलाना तहसील स्थित हाफिजपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग दलित छात्रा के साथ हुई छेड़छाड़ और जातिसूचक टिप्पणी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान साहिब के रूप में हुई है, जिसे उबारपुर गांव स्थित उसके घर से पकड़ा गया।

घटना दो दिन पहले की है, जब एकेपी इंटर कालेज की कक्षा नौ की छात्रा स्कूल से घर लौट रही थी। रास्ते में आरोपी ने न केवल छात्रा को रोका, बल्कि सरेआम उसके साथ अश्लील व्यवहार किया और उसके बाल खींचे। इतना ही नहीं, आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर पीड़िता का अपमान भी किया।

### पिता ने की पुलिस से शिकायत

हाफिजपुर थाना प्रभारी आशीष कुमार पुंडीर के अनुसार, पीड़िता के पिता की शिकायत के आधार पर तत्काल कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश में कई संभावित स्थानों पर छापेमारी की और अंततः उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# जेजू विमान हादसा बना रहस्य

## ब्लैक बॉक्स से अंतिम चार मिनट का डेटा हुआ गायब

**सियोल।** यूएस नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चला है कि बी737-800 विमान के फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) दोनों ने विमान के टकराने से लगभग चार मिनट पहले ही रिकॉर्डिंग बंद कर दी थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, बी737-800 विमान 29 दिसंबर को सुबह 9:03 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे के शिकार होने से पहले ही ब्लैक बॉक्स ने सुबह 8:59 बजे रिकॉर्डिंग बंद कर दी थी। ऐसे में जांचकताओं के लिए दुर्घटना से पहले की घटनाओं का पूरी तरह से आकलन करना मुश्किल हो गया है। अधिकारियों ने कहा कि हालांकि एफडीआर और सीवीआर डेटा जांच के लिए महत्वपूर्ण हैं, लेकिन वे सबूत के एकमात्र स्रोत नहीं हैं।



योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने कहा, जांच में एयर ट्रैफिक कंट्रोल रिकॉर्ड, दुर्घटना के वीडियो फुटेज और साइट से मलबे सहित सूचना के विभिन्न स्रोतों का विश्लेषण शामिल है। ब्लैक बॉक्स के पुर्जे पिछले सप्ताह एनटीएसबी को भेजे गए थे। इस हादसे में दो फ्लाइट अटेंडेंट ली (32 वर्षीय) और क्वोन (25 वर्षीय) जिंदा बच गईं थीं।

**दक्षिण कोरिया में पिछले महीने दुर्घटनाग्रस्त हुए जेजू एयरलाइन के यात्री विमान से जुड़ी अहम जानकारी सामने आई है योनहाप समाचार एजेंसी ने दक्षिण कोरियाई जांचकताओं के हवाले से बताया है कि, दुर्घटनाग्रस्त हुए यात्री विमान के ब्लैक बॉक्स में विस्फोट से पहले के अंतिम चार मिनट का महत्वपूर्ण डेटा नहीं मिला है**

हादसे की जांच कर रहे अधिकारियों के पास सबूत के तौर पर उन दोनों का बचना काफी अहम है। अधिकारी हादसे के कारण का पता लगाने के लिए उनसे जानकारियां इकट्ठा कर रहे हैं।

दक्षिण कोरिया की जेजू एयर एयरलाइंस का बोइंग 737-800 विमान थाईलैंड से दक्षिण कोरिया आ रहा था, लेकिन मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय क्रैश हो गया। विमान रनवे पर फिसलते हुए एक दीवार से टकराया और उसमें धमाके के साथ आग लग गई। विमान में क्रू समेत 181 लोग सवार थे।

# रिश्तों में आई खटास होगी दूर, ब्रिटेन की वित्त मंत्री जल्द जाएंगी चीन

**लंदन।** ब्रिटेन की वित्त मंत्री रेचल रीव्स इस सप्ताहांत चीन जा रही हैं, ताकि दोनों देशों के बीच आर्थिक और वित्तीय सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। ब्रिटेन की लेबर सरकार बीजिंग के साथ तनावपूर्ण संबंधों को फिर से सुधारने की कोशिश कर रही है।

### अर्थव्यवस्था को मजबूती देना मकसद

वित्त मंत्रालय ने बताया कि रीव्स की यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के रिश्तों में स्थिरता लाना और ब्रिटेन की कमजोर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, चीन-यूके आर्थिक और वित्तीय संवाद को फिर से शुरू करना है, जो 2019 से कोविड-19 महामारी और बिगड़े रिश्तों के कारण स्थगित कर दी गई थी। यूके का मानना है कि यह संवाद व्यापार और निवेश में आने वाली बाधाओं को कम करने में मदद करेगा।

बता दें, वित्त मंत्री बीजिंग और शंघाई



की यात्रा करेंगी। साथ ही वह चीनी उपप्रधानमंत्री हे लिफेंग से मुलाकात करेंगी।

इस दौरान उम्मीद है कि यूक्रेन युद्ध में रूस की मदद रोकने और हॉन्गकॉन्ग में नागरिक अधिकारों के उल्लंघन को लेकर भी बातचीत हो सकती है। यह लोग भी रहेंगे मौजूद प्रतिनिधिमंडल में बैंक ऑफ इंग्लैंड के गवर्नर एंड्रयू बेली और यूके वित्तीय सेवाओं के प्रमुख अधिकारी तथा लंदन स्टॉक एक्सचेंज ग्रुप के सीईओ शामिल होंगे। इसके अलावा, एचएसबीसी और स्टैंडर्ड चार्टर्ड के ग्रुप चेयरमैन समेत ब्रिटेन की कुछ सबसे बड़ी वित्तीय सेवा फर्मों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। वहीं, वह प्रमुख कंपनियों, जैसे जगुआर लैंड रोवर और डियाजियो का दौरा भी कर सकती हैं। विपक्ष उठा रहा सवाल यह यात्रा ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी की अक्तूबर में चीन यात्रा और प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की नवंबर में जी20 सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के बाद हो रही है। स्टार्मर का उद्देश्य चीन के साथ राजनीतिक और आर्थिक रिश्तों को मजबूत करना है, जबकि कुछ विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी के सदस्य इस पर सवाल उठा रहे हैं।

# अमेरिका में 19 जनवरी के बाद टिकटॉक पर प्रतिबंध

## संघीय कानून को बरकरार रखने के पक्ष में अधिकांश न्यायाधीश

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में 19 जनवरी के बाद से वीडियो शेयरिंग एप टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को अधिकांश न्यायाधीश उस संघीय कानून को बरकरार रखने के पक्ष में दिखे, जहां 19 जनवरी के बाद से टिकटॉक पर प्रतिबंध लग जाएगा। टिकटॉक बनाम गारलैंड वह कानूनी मामला है जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को अमेरिकी सरकार की तीन शाखाओं के खिलाफ खड़ा करता है। इनका एक समान विचार है कि ऐप राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है।



### सुनवाई के दौरान वकीलों ने क्या कहा?

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने कहा, ₹क्या हमें इस तथ्य तो नजरअंदाज करना चाहिए कि टिकटॉक की पैरेंट कंपनी कोई खुफिया काम कर रही है? जस्टिस ब्रेट कवानघ ने बताया कि अमेरिकियों पर विदेशी डाटा संग्रह की चिंताएं बहुत अधिक थी। जस्टिस एमी कोनी बैरेट ने कहा, कानून टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने के लिए नहीं कहता। कानून बाइटडांस को पीछे हटने के लिए कह रहा है। अगर ऐसा हो जाता तो हम यहां नहीं होते।

स्टार्क पिक्कर के क्रिएटर फ्रैंसिस्को ने कहा, ₹हम जोखिमों पर विवाद नहीं कर रहे। सरकार ने इसे रोकने के लिए जो उपाय अपनाए हैं, हम उस पर विवाद कर रहे हैं। टिकटॉक की तरफ पेश हुए वकील जेफरी फिशर ने कहा, यह कानून इतिहास, संस्कृति और काम करने के अधिकार के खिलाफ था।₹

### अमेरिका में 2023 में लगा था टिकटॉक पर प्रतिबंध

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टिकटॉक पर बैन लगाने के लिए हाल ही में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि, उन्होंने बाद में कहा कि वे इसे बचाना चाहते हैं। न्यायाधीशों ने ट्रंप प्रशासन को इस पर सोचने के लिए कुछ समय देने की संभावना पर चर्चा की। बता दें कि भारत, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और ताइवान ने पहले ही टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया है। 2023 की शुरूआत में बाइडन प्रशासन ने टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाया था।

## क्षेत्रीय तनाव के बीच इंडोनेशिया-जापान का करार रक्षा व आर्थिक संबंध मजबूत करने का वादा



**बोगोर।** वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बीच जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा की यात्रा के दौरान जापान और इंडोनेशिया ने शनिवार को आर्थिक और रक्षा संबंधों को और मजबूत करने का संकल्प लिया। बता दें कि, मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात के बाद जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा शुक्रवार को कुआलालंपुर से जकार्ता पहुंचे। दोनों देशों की उनकी यात्रा का उद्देश्य दक्षिण चीन सागर में चीनी आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है, क्योंकि इस महीने में निवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद इस क्षेत्र में अमेरिकी उपस्थिति कम हो सकती है। इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो ने जकार्ता के ठीक बाहर बोगोर राष्ट्रपति भवन में जापानी प्रधानमंत्री इशिबा का स्वागत किया, उनके साथ इंडोनेशियाई पारंपरिक कपड़े पहने हुए स्वागतकर्ता और एक सैन्य बैंड था जिसने दोनों नेताओं - दोनों पूर्व रक्षा मंत्रियों - के बीच द्विपक्षीय बैठक से पहले दोनों राष्ट्रगान बजाए। इस बैठक के दौरान, पीएम इशिबा ने इंडोनेशिया के खाद्य और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लक्ष्य का समर्थन करने, इसके रक्षा विकास में भाग लेने और खनिजों के रणनीतिक खनन समेत इसके प्राकृतिक संसाधनों के औद्योगिकीकरण और इंडोनेशियाई स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का वादा किया।

## मीथेन गैस के चलते हुआ बलूचिस्तान की कोयला खदान में विस्फोट, चार शव मिले, आठ की अभी भी तलाश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में कोयला खदान में हुए विस्फोट के बाद बचाव कार्य जारी है। इस हादसे में अब तक चार शव बरामद हो चुके हैं। आठ खनिक अभी भी लापता हैं और उनकी तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है। कोयला खदान में विस्फोट की घटना नौ जनवरी की है, जब बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा से लगभग 40 किलोमीटर दूर संजदी इलाके में कोयला खदान में विस्फोट हुआ। विस्फोट से खदान ढह गई और उसमें 12 खनिक फंस गए।




### मीथेन गैस की वजह से हुआ विस्फोट

बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने शनिवार को बताया, खदान में मीथेन गैस के जमा होने से विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा कि 24 घंटे से अधिक समय से बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चल रहा था, लेकिन जहरीली गैस और मलबे की मौजूदगी के कारण बचाव अभियान की प्रगति धीमी है। रिंद ने बताया कि शुक्रवार शाम तक बचावकर्मी खदान से चार शव निकालने में सफल रहे। प्रांत के खनन विभाग के प्रमुख अब्दुल्ला शावानी ने माना कि बचे हुए आठ श्रमिकों के बचने की संभावना बहुत कम है, क्योंकि वे खदान के नीचे लगभग 1500 फीट नीचे दबे हुए थे। हादसे की जांच शुरू उन्होंने कहा कि खदान निजी तौर पर संचालित है और यह पता लगाने के लिए जांच की जाएगी कि विस्फोट क्यों हुआ और क्या खनन के लिए उचित नियमों का पालन किया गया या नहीं। बलूचिस्तान के खनन और वित्त मंत्री मीर शोएब नोशेरवानी ने कहा कि बचाव दल शेष खनिकों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। खदान श्रमिक संघ के नेता पीर मुहम्मद काकर ने कहा कि यह घटना कोयला खदान के मालिक और खदान विभाग के अधिकारियों द्वारा खनन नियमों को लागू नहीं करने का परिणाम है। उन्होंने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### बलूचिस्तान की खदानों में होते रहते हैं हादसे

कोयला समृद्ध पश्चिमी बलूचिस्तान में कोयला खदान ढहने और श्रमिकों की मौत की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। पिछले साल मार्च में, हरनाई में एक कोयला खदान में गैस विस्फोट में कम से कम 12 खनिक मारे गए थे। मई 2018 में, संजदी में दो कोयला खदानों के ढहने से 23 लोग मारे गए और 11 घायल हो गए थे। साल 2011 में भी 43 श्रमिकों की मौत हो गई थी जब गैस विस्फोट के कारण बलूचिस्तान की कोयला खदान ढह गई थी।

## जाते-जाते बाइडन ने पुतिन की बढ़ाई परेशानी रूस के ऊर्जा क्षेत्र पर नये प्रतिबंधों की घोषणा की



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने जाते जाते रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बड़ा झटका दिया है। अमेरिका की बाइडन प्रशासन ने रूस की ऊर्जा क्षेत्र की 200 से ज्यादा कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं, जिसमें दो भारतीय कंपनियां स्काईहार्ट मैनेजमेंट सर्विसेज और एविजन मैनेजमेंट सर्विसेज भी शामिल है। इन कंपनियों पर जिन पर रूस के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने का आरोप है। बताया जा रहा है कि इन कंपनियों ने रूस से तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के परिवहन में भाग लिया था।

अमेरिकी विदेश मंत्री का बयान

मामले में अमेरिका के विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन ने कहा अमेरिका ने आज रूस के ऊर्जा क्षेत्र में शामिल 200 से अधिक संस्थाओं और लोगों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, जिनमें रूस के प्रमुख तेल उत्पादक, बीमा कंपनियां और अन्य संस्थाएं शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इन प्रतिबंधों के बाद नए प्रतिबंधों के निशाने पर 180 से ज्यादा तेल वाहक जहाज, व्यापारी, तेल क्षेत्र सेवा कंपनियां और रूसी ऊर्जा अधिकारी भी हैं। ब्लिंकन ने कहा कि इस कार्रवाई से रूस के ऊर्जा संसाधनों से मिलने वाली आय पर असर पड़ेगा और रूस को यूक्रेन पर अपना युद्ध जारी रखने के लिए वित्तीय मदद मिलना मुश्किल होगा।

# लाख कोशिशों के बाद भी क्यों नहीं बुझ रही लॉस एंजेलिस की आग

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के प्रमुख शहर लॉस एंजेलिस में लगी आग अभी तक काबू में नहीं आ सकी है और अब तक इस आग में हजारों एकड़ जमीन जलकर स्वाहा हो चुकी है। चिंता की बात है कि लाख कोशिशों और संसाधनों के बावजूद आग को काबू नहीं किया जा सका है। अब वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि लॉस एंजेलिस की आग इतनी क्यों फैली और क्या वजह रही कि इस पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय-सैन डिएगो के जलविज्ञानी मिंग पैन ने बताया है कि दक्षिणी कैलिफोर्निया बेहद सूखा है और इस वजह से लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग ने विकराल रूप धारण किया।



### वैज्ञानिकों ने सूखे को लेकर दी चेतावनी

वैज्ञानिकों ने बताया कि जनवरी की शुरूआत में, दक्षिणी कैलिफोर्निया के अधिकांश हिस्सों में मिट्टी की नमी का स्तर 2 प्रतिशत के ऐतिहासिक तौर पर कम है। कैलिफोर्निया ने अक्तूबर में बारिश का मौसम होता है, लेकिन इस बार बारिश बेहद कम हुई। इसके चलते राज्य के प्राकृतिक जल स्त्रोत सूख गए।

वैज्ञानिकों ने बताया कि हवा के गर्म और शुष्क होने पर वाष्पोत्सर्जन और वाष्पीकरण के चलते पौधों और मिट्टी से भी पानी सूख गया। इससे जंगल सूख गया और यही आग के तेजी से फैलने का कारण बना। अब आग के बाद हालात और बदतर हो जाएंगे। ऐसे में वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों को लेकर भी चेतावनी दी है और कहा है कि कैलिफोर्निया में सूखा पड़ने की आशंका है। हालांकि एक या दो अच्छी बारिश के बाद ही हालात बदल सकते हैं।

### सांता एना हवाओं ने बढ़ाई आपदा

शक्तिशाली सांता एना हवाओं की भी लॉस एंजेलिस की आग भड़काने में अहम भूमिका रही।

# सोरोस लोकतंत्र के लिए खतरा

## मोदी विरोधी अमेरिकी अरबपति पर इटली की प्रधानमंत्री का निशाना

**रोम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जहर उगलने वाले अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस पर इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने कड़ा जुबानी प्रहार किया है। मेलोनी ने कहा कि जॉर्ज सोरोस लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। वह दूसरे देशों के घरेलू राजनीति में हस्तक्षेप करते हैं और अपने पैसे के बल पर राष्ट्रों को अस्थिर करने का काम करते हैं।

पिछले साल सोरोस ने अदाणी मुद्दे पर पीएम मोदी पर निशाना साधा था और दावा किया था कि भारत में इस मुद्दे पर लोकतांत्रिक परिवर्तन होगा। 2020 में सोरोस ने अनुच्छेद 370 को हटाने का भी विरोध किया था और कहा था कि मोदी के नेतृत्व में भारत तानाशाही व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा था कि भारत लोकतांत्रिक देश है लेकिन नरेंद्र मोदी लोकतांत्रिक नहीं हैं। इटली की पीएम की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब यूरोप की राजनीति में कथित हस्तक्षेप के लिए एलन मस्क की आलोचना हो रही है। मेलोनी ने कहा कि मस्क ने यूरोप की राजनीति के बारे में जो कुछ भी कहा है वह किसी भी तरह से



लोकतंत्र के लिए खतरा नहीं है, जबकि सोरोस लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। सोरोस लोकतंत्र में वामपंथ के हस्तक्षेप का उदाहरण

जॉर्ज सोरोस का उदाहरण देते हुए मेलोनी ने कहा कि यह किसी से छिपा नहीं है कि किस तरह वामपंथी विचारधारा वाले अमीर और शक्तिशाली लोग अन्य लोकतंत्र में राजनीतिक हस्तक्षेप में लिप्त रहे हैं। उन्होंने कहा कि निष्कर्ष यह है कि मस्क लोकतंत्रों के लिए खतरा नहीं हैं, जॉर्ज सोरोस हैं। इसके तुरंत बाद मस्क ने सोशल मीडिया पर कहा, और सोरोस पराजित हो रहे हैं।

### अपने कृत्यों से हमेशा विवादों में रहे हैं सोरोस

सोरोस अपने ओपन सोसाइटी फाउंडेशन के जरिये सुशासन, लोकतंत्र बहाली कार्यक्रम और उदारवादी नीतियां बनाने के लिए मदद का दावा करते हैं, लेकिन उन पर राजनीतिक हस्तक्षेप, सामाजिक अराजकता को बढ़ावा देने, चुनावों में धांधली के लिए धन मुहैया कराने जैसे गंभीर आरोप हैं। हंगरी और रूस जैसे देशों ने उन पर अपनी घरेलू राजनीति में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है।

# एआई सम्मेलन में शामिल होने फ्रांस जाएंगे पीएम मोदी, राष्ट्रपति मैक्रों ने खुद दी जानकारी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले माह फ्रांस दौरे पर जाएंगे। पीएम मोदी फ्रांस में 10-11 फरवरी को होने वाले एआई एक्शन सम्मेलन में शिरकत करेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार को 30वें राजदूतों के सम्मलेन के दौरान अपने संबोधन में मैक्रों ने कहा कि 'फ्रांस 10-11 फरवरी को एआई एक्शन सम्मेलन का आयोजन करेगा**

**पेरिस।** इस सम्मेलन में एआई को लेकर अंतरराष्ट्रीय विमर्श होगा। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। यह एक अहम दौरा होगा क्योंकि हम हम सभी एआई ताकतों से इसे लेकर चर्चा करना चाहते हैं।'

### एआई सम्मेलन के दौरान इन मुद्दों पर होगा फोकस

फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक विमर्श में एआई पर बात करना बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि 'एआई सम्मेलन में अमेरिका, चीन, भारत के साथ ही अरब देश भी शिरकत करेंगे और इन देशों का एआई तकनीक को विकसित करने और इसका नियमन करने में अहम भूमिका है।' मैक्रों ने कहा कि सम्मेलन में नवाचार, टैलेंट पर फोकस किया जाएगा और इससे फ्रांस और यूरोप को वैश्विक एआई परिदृश्य में केंद्र में रखा जाएगा। इससे पहले दिसंबर में इमैनुएल मैक्रों ने एआई सम्मेलन में भारत को आमंत्रित करने की बात कही थी और कहा था कि भारत एक अहम देश है।



### फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा भारत को बेहद अहम देश

मीडिया से बात करते हुए फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि एआई एक्शन सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत समेत 90 के करीब देशों को आमंत्रित किया गया है। इस सम्मेलन में एआई के जरिए गलत सूचनाओं के प्रसार और एआई के गलत इस्तेमाल के विषय पर भी बात होगी। मैक्रों ने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारत एक बहुत ही अहम देश है और खासकर लोगों के जीवन पर प्रभाव छोड़ने में इसकी क्षमता बहुत ज्यादा है। एआई सम्मेलन पेरिस के ग्रैंड पालासिस में आयोजित किया जाएगा। इसमें राष्ट्राध्यक्षों समेत, शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न कंपनियों के सीईओ और शिक्षा जगत के लोग, एनजीओ, कलाकातर और नागरिक समाज समूह के सदस्य भी शामिल होंगे।

# वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी के कार्यालय में 'संविधान गौरव अभियान' की बैठक का आयोजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी वसुंधरा मंडल कार्यालय में संविधान गौरव दिवस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनियुक्त वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी ने की। कार्यक्रम के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. विरेश्वर त्यागी रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश के संविधान को 75 साल में बनाने के अवसर पर संविधान गौरव अभियान का आयोजन कर रही है। यह अभियान 11 जनवरी से 25 जनवरी तक, उद्देश्य संविधान में निहित लोकतंत्र को जन-जन तक पहुंचाना है। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी का सभी ने स्वागत व अभिनंदन किया। मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी ने आगे कहा कि 25 जनवरी को सभी बूथ एवं मण्डल पर पार्टी के कार्यकर्ता आमजन के साथ एकत्रित होकर के भारतीय संविधान के प्रस्ताव एवं नीति निर्देशक तत्व को पढ़ेंगे व संक्षिप्त में इस पर चर्चा करेंगे।

इस अवसर पर संजीव झा, अजय त्यागी, पार्षदगण नीलम भारद्वाज, नरेश भाटी, मंजू त्यागी, नरेन्द्र नागर, कांति त्यागी, अभिषेक पंडित, अशोक पाण्डे, अजीत सिंह, मदन सिंह बिष्ट, सुषमा नागर, सन्नी मलिक, पूनम चौधरी, रेखा त्यागी, निशी त्यागी, एस पी सिंह, हिमांशु गिरी, आशुतोष, धर्मेन्द्र ठाकुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लाजपत नगर मंडल में 'संविधान गौरव अभियान' के तहत होगा गोष्ठी का आयोजन : आलोक शर्मा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा लाजपत नगर मंडल की कार्यशाला का मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा के नेतृत्व में शनिवार को आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से महानगर मंत्री संजय रावत ने संविधान गौरव अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी माह में मंडल में विभिन्न गोष्ठियों का आयोजन संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत किया जायेगा।

**महानगर मंत्री संजय रावत ने संविधान गौरव अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी माह में मंडल में विभिन्न गोष्ठियों का आयोजन संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत किया जायेगा।**

मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा ने बताया कि संविधान गौरव अभियान को लेकर मंडल बैठक आयोजन किया गया। मंडल के शिक्षा संस्थानों में हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान विषय पर क्विज, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराना होगा। इस अवसर पर रुचि गर्ग, एस पी सिंह, विनोद शर्मा, आनंद गुप्ता, माधव सूद, रविन्द्र भाटी, प्रमिला राणा, कृष्ण, अतुल शर्मा, आर पी सहनी, राम झा, सी पी तिवारी, अजय चौहान, बाबू सिंह, भगवत मान, गोविन्द वर्मा, आशीष शर्मा, अशुतोष सिंह, राहुल तोमर, गोविन्द चौधरी, अभिषेक राणा, धीरज पांडे, महेश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


# भारत विकास परिषद की ट्रांस हिंडन शाखा का अधिष्ठान कार्यक्रम आयोजित



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद की ट्रांस हिंडन शाखा का अधिष्ठान कार्यक्रम का आयोजन ओलिव काउंटी क्लब वसुंधरा में शनिवार को संपन्न हुआ। भारत विकास परिषद की ट्रांस हिंडन शाखा के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल एवं सचिव राजीव शर्मा कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह एवं महिला संयोजिका रेखा प्रजापति को बनाया गया। साथ ही कार्यक्रम में नए सदस्यों का शपथ ग्रहण भी आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रांतीय टीम के पदाधिकारी प्रांतीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, प्रांतीय महासचिव कवि बंसल, प्रांतीय संयोजिका मुक्ता, निगम पार्षद कुसुम गोयल, मनोज गोयल, राजीव यादव, प्रदीप सिंह, राजीव कुमार, सोम गुप्त, शिव शंकर उपाध्याय, ऋतु शर्मा, आभा जिंदल, अरविंद गुप्ता, सुरभि गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रांतीय टीम ने दीप प्रज्वलित कर भारत मां एवं विवेकानंद के पुष्प अर्पित कर वंदे मातरम गीत के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# आरडब्लूए चुनाव को लेकर सोसायटी में बवाल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की जी7 सोसायटी में आरडब्ल्यूए चुनाव को लेकर हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। सोसायटी के दफ्तर में हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

घटना की शिकायत करने वाले सोसायटी निवासी दीपक चोपड़ा ने बताया कि चुनाव नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सोसायटी कार्यालय में एक आंतरिक बैठक चल रही थी। इसी दौरान कुछ लोग जबरन कार्यालय में घुस आए और उनके साथ बदसलूकी करने लगे।

आरोप है कि इन लोगों ने न केवल मारपीट की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। चोपड़ा के अनुसार, आरोपी पहले भी इस तरह की घटनाओं में शामिल रह चुके हैं। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना अध्यक्ष प्रीति गर्ग ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

यह घटना सोसायटी में आरडब्ल्यूए चुनाव को लेकर बढ़ते तनाव को दशार्ती है, जिस पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है।

## सम्मान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** माया ममता गुप्ता चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष ममता गुप्ता को दिल्ली इस्लामिक कल्चर सेंटर में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। दिल्ली के इस्लामिक कल्चर सेंटर में आयोजित 5वे ग्रेट इंडियन सिंगिंग अवॉर्ड शो में आयोजक योगेश मलिक तथा कई संगीतकार व फिल्म निदेशकों की मौजूदगी में ममता गुप्ता को सम्मानित किया गया। इसी कार्यक्रम में स्किल इंडिया मास्टर ट्रेनर के लिए विनोद भारद्वाज को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपमा दुआ, ऋतु, विनय, श्वेता, रेखा, इंदरपाल, सविता अरोड़ा, समर खान, पायल कक्कड़, सीमा डोगरा, ईशा सक्सेना, सुनील, विनीता सक्सेना मुख्य रूप से मौजूद थे।

# पार्षद राधेश्याम त्यागी ने मकनपुर तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का किया शुभारंभ, लोगों ने किया पार्षद का जोरदार स्वागत





**पार्षद प्रतिनिधि अंकुर त्यागी ने कहा कि तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य होने के बाद तालाब की सुंदरता को बरकरार रखने के लिए साफ सफाई बरकरार रखी जाएगी।**

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को पार्षद राधेश्याम त्यागी के अथक प्रयास से मकनपुर तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य का शुभारंभ किया गया। मकनपुर के लोगों ने इसका जोरदार स्वागत किया। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि तालाब का जीर्णोद्धार कार्य इंटरनेशनल टोबैको कंपनी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भविष्य को देखते हुए, परियोजना की योजना के तहत तालाब जीणोद्धार करने का जिम्मा लिया है। इस का उद्देश्य जल संसाधन प्रदान करेंगे, जो दीर्घकालिक स्थिरता और लचीलेपन में योगदान देंगे।

इंटरनेशनल टोबैको कंपनी के महाप्रबंधक शैलेंद्र सिंह ने जनकारी दी वर्षा जल भंडारण द्वारा भूजल पुनर्भरण पहल के अंतर्गत कराया जा रहा है। जल्द ही तालाब की साफ सफाई, इनलेट तथा निस्पंदन कक्ष का निर्माण, तालाब का सौंदर्यकरण का कार्य, तारबंदी, फुटपाथ, बैठने के लिए बेंच और हरियाली के लिए पेड़ पौधे का कार्य कराया जायेगा। इस अवसर पर दिनेश त्यागी, राजकुमार त्यागी, बलेश त्यागी, संजीव त्यागी, राकेश त्यागी, सीताराम त्यागी, ओमदत्त, मदन शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि अंकुर त्यागी, पार्षद सहयोगी सचिन राघव, प्रवीन, इंटरनेशनल टोबेको कंपनी के प्रतिनिधि हर्षित गुप्ता, राजीव कुमार, हरीश जैन, ग्राउंड वाटर कंसलटेंट दीपक तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। पार्षद प्रतिनिधि अंकुर त्यागी ने बतया कि तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य होने के बाद तालाब की सुंदरता को बरकरार रखने के लिए साफ सफाई बरकरार रखी जाएगी।

# भारतीय मानक ब्यूरो का 78वां स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित



**इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार तिवारी महानिदेशक भारतीय मानक ब्यूरो ने मानक वीर तथा पॉडकास्ट की दो सीरीज का विमोचन किया।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय मानक ब्यूरो की गाज़ियाबाद शाखा द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो के 78वें स्थापना दिवस के अंतर्गत शनिवार को एकदिवसीय मानक कार्निवल कार्यक्रम का आयोजन इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, साहिबाबाद, गाजियाबाद में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार तिवारी महानिदेशक भारतीय मानक ब्यूरो, अभिनव गोपाल सीडीओ गाज़ियाबाद, आलोक कुमार श्रीवास्तव महानिदेशक राष्ट्रीय परीक्षण संस्थान, रणविजय सिंह, एडीएम, गाज़ियाबाद, कुमार अनिमेष निदेशक गाज़ियाबाद शाखा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया।

इसके उपरांत स्वागत सम्बोधन कुमार अनिमेष निदेशक गाज़ियाबाद शाखा, अजय कुमार निदेशक इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के द्वारा किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार तिवारी महानिदेशक भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा सभा को सम्बोधित किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार तिवारी महानिदेशक भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा मानक वीर तथा पॉडकास्ट के दो सीरीज का भी विमोचन किया गया। इसके उपरांत मानक कार्निवल कार्यक्रम में गाज़ियाबाद शाखा के अंतर्गत आने वाले स्टैण्डर्ड क्लब (24 विद्यालयों) के लगभग 1500 बच्चों, 8 इंडस्ट्रीज, 2 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, जिला उद्योग केंद्र द्वारा स्टाल लगाए गए जिसके माध्यम से भारतीय मानक ब्यूरो के विभिन्न क्रियाकलापों को दर्शाया गया। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार तिवारी महानिदेशक भारतीय मानक ब्यूरो के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस वीडियो पॉडकास्ट का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव का भी सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें गाजियाबाद शाखा के अंतर्गत आने वाले जिले से आने वाले इंडस्ट्रीज के लगभग 350 लोगों ने भाग लिया। इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव को नवीन कुमार अरोड़ा संयुक्त निदेशक गाजियाबाद शाखा, प्रियंका मेहरा संयुक्त निदेशक शाखा, हरिओम मीणा सहायक निदेशक गाजियाबाद शाखा, नीलम सिंह सहायक निदेशक गाजियाबाद शाखा द्वारा सभा को सम्बोधित किया गया। कार्यक्रम के समापन में इंडस्ट्री से आए लोगों तथा विभिन्न प्रतियोगियों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

# मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी ने कराई संविधान गौरव अभियान की बैठक





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा की संविधान गौरव अभियान को लेकर शालीमार गार्डन मंडल में बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रमों को लेकर रणनीति बनाई गई। मुख्य वक्ता संजय रावत महानगर मंत्री व छेत्रीय उपाध्यक्ष पच्छिम क्षेत्र मानसिंह गोस्वामी ने कहा कि संविधान के गौरव अभियान को एक उत्सव के रूप में पार्टी द्वारा मनाया जा रहा है, जिसमें मंडल की टोली बनाकर कार्यकताओं को अपने-अपने क्षेत्र में जाना है। साथ ही संवैधानिक मूल्य, भाजपा की उपलब्धियां व बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की विरासत का सम्मान भाजपा किस प्रकार कर रही है, यह बताना है। शालीमार गार्डन मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी ने कहा कि संविधान गौरव अभियान को लेकर बैठक हुई, ये अभियान 15 से 22 जनवरी तक घर -घर टोली बनाकर दलित मलिन बस्तियों में चलेगा। इस अवसर पर राजन आर्य, संदीप वर्मा, कालीचरण पहलवान, पार्षद रवि भाटी, निरु शर्मा, गुरुदास पाल, सोनू बंसल, सुरेश तिवारी, सुनील त्यागी, ममता बहन मनीष आदि लोग मौजूद रहे।

## मोदीनगर में लगेगी महापुरुषों की मूर्तियां

# नगर पालिका की बैठक में लिये गये महत्पूर्ण निर्णय, बंदर पकड़ने के लिए चलेगा अभियान



**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर में नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। हापुड़ मार्ग स्थित नगर पालिका कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली ने की, जबकि संचालन अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र ने किया। बैठक में विधायक डॉ. मंजू शिवाच भी उपस्थित रहीं।

बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्तावों में गोविंदपुरी कॉलोनी के चाउमीन चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति स्थापना शामिल है। साथ ही हरमुखपुरी कॉलोनी में शहीद मंगल पांडे, रानी लक्ष्मीबाई और शहीद उधम सिंह की मूर्तियां भी स्थापित की जाएंगी।

शहर के विकास को लेकर कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। इनमें कादराबाद स्थित स्वामी कल्याण देव स्कूल को अधिकृत करना, पथ प्रकाश पोल पर तिरंगा लाइट लगाना और स्ट्रीट लाइट की खरीद शामिल है। नगर के सौंदर्यीकरण के लिए नए एंट्री गेट और पुलिस बूथ का निर्माण भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, शहर में बढ़ते बंदरों की समस्या से निपटने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। बैठक में राजस्व अधिकारी अंकित कुमार, सफाई निरीक्षक अमरीश कुमार, दिनेश कुमार, अंकित गोयल, ललित त्यागी और कामेश चौहान सहित अन्य अधिकारी व सभासद उपस्थित थे। सभी सभासदों ने अपने-अपने वार्डों के विकास कार्यों के प्रस्ताव भी रखे, जिन पर विचार-विमर्श किया गया।

## आग से जलकर घर का सामान खाक

### परिवार के लोगों ने बाहर निकलकर बचाई जान



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मसूरी क्षेत्र में शनिवार तड़के 4 बजे मकान में आग लग गई। आग लगते ही परिवार के लोगों ने किसी तरह भागकर जान बचाई। करीब आधा घंटे में मकान का का सामान जलकर खाक हो गया। बाद में मसूरी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस का कहना है कि शार्ट सर्किट से आग लगनी बताई गई है। गनीमत रही कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ।

### शार्ट सर्किट से लगी आग

मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल में इस्लामिया मदरसे के पास मन्नर का घर है। शनिवार तड़के 4 बजे आग लग गई। पहले आग कमरे में लगी, इस दौरान परिवार के लोगों की आंख खुल गई। जिससे परिवार बाहर आ गया। शोर मचाते हुए आसपास के लोग भी आए। इस दौरान आग धू धूकर जलती रही। जिससे घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

पीड़ित परिवार ने बताया कि फायर ब्रिग्रेड के पहुंचने से पहले ही सारा सामान जल गया। इंस्पेक्टर मसूरी अजय चौधरी का कहना है कि अभी तक कि जांच में आया कि शार्ट सर्किट से आग लगी है। पुलिस जांच कर रही है। वहीं आग बुझाते ही वीडियो में लोग कह रहे हैं कि बिजली आ रही है, लाइन कट करा दो। जिसके बाद किसी तरह बाहर से केबिल को कट कराया गया।

## विधायक संजीव शर्मा हैं गाजियाबाद की जनता के लोकप्रिय विधायक : एडवोकेट मनोज भाटी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट मनोज भाटी ने कहा कि संजीव शर्मा गाजियाबाद की जनता के लोकप्रिय विधायक हैं। वह जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते हैं। सरल स्वभाव के विचारशील और विवेकशील विधायक हैं। गाजियाबाद की जनता ने संजीव शर्मा पर पूरा विश्वास दिखाया है और उन्हें ऐतिहासिक जीत दिलाई है। मुझे संजीव शर्मा पर पूरा विश्वास है कि वह गाजियाबाद के विकास के लिए पूर्णतया समर्पित रहेंगे और गाजियाबाद के विकास के लिए कार्य करेंगे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये जीवन साथी के लिए प्यार है।ये सनातन संस्कृति संस्कार है तभी तो गौरव शर्मा अपनी जीवन संगिनी ऋतु शर्मा के जन्मदिन पर मां वैष्णो देवी के द्वार हैं। संस्कार संस्कृति प्यार परिवार के संदेश को साझा करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।